The House reassembled after lunch at two minutes past two of the clock, the Vice-Chairman (Shri Md. Salim) in the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.D. SALIM): Now we will take up the Motion of Thanks on the President's Address.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): Mr. Vice-Chairman, Sir, I beg to move that an Address be presented to the President in the following terms:

> That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on the 26th February, 1996.

Mr. Vice-Chairman, Sir, first of all, I want to salute the scientists, the technicians and the Department of Research and Development of the Defence Ministry for the excellent work done by them for Arjun Tank and Prithvi Missile. Sir, our Prime Minister has said again and again that there will be no compromise as regards the defence of our country and the integrity of our country. As such, whatever resources we have for the purpose of defence, our scientists are capable; to produce results can take care of it and the people of the country will fully support them and will fully back them in any eventuality. Sir, Pakistan has an evil eye on our country. They are sending terrorists, they are sending weapons and they want to destabilise our country. No country can destabilise our great motherland and every section of the people and all the political parties will support the efforts of the Government to see that the evil eye of Pakistan is never successful. If any attempt is being made to disintegrate the country, the people will stand as one man.

Sir, the President has raised very important issues. For lack of time I will not be able to express my views on all the aspects. First of all, I would like to mention the Purulia arms-dropping. It was unfortunate and it appears to me from the reports which appeared in the Press that it was the handiwork of Pakistan with the aid of some foreign countries. I am sure such things would not happen again. The security and integrity of our country should be given top priority and those who are responsible for the negligence should be taught a lesson. All those who are connected with the maintenance of security should see to it that such incidents do not recur. I also want to salute our security forces who, under tremendous tension and risk, have tried to see to it that the integrity of the country is maintained. Terrorism is curbed and insurgency is curbed. We are very happy. To a very large extent we are successful in this effort. But much has to be done. They have to be encouraged. The Prime Minister should look into it. They should also be paid good remuneration and nothing is more for those who sacrifice their lives. All of us should pray for their families and they should have a very good life.

I would also like to say that there was terrorism in Punjab and Assam. We are happy that in the last three or four years we are successful in curbing that. The Government will make all efforts to see to it that these kinds of things are not repeated. In Kashmir also the things have improved and I hope that in the near future elections will be held in Kashmir so that the people of the Valley, Jammu and Leh regions have their own Government and they can decide their own future.

I would like to say that before my eyes I have always the poor people. Mahatmaji has said—we have just celebrated the 125th birthday of Mahatma Gandhi—about what action one should take when

one was in doubt. He said that one must have the poorest of the poor people before one's eyes and to see to it that whatever one did should be for the benefit of those people. That should be the motto. That is how we will be able to wipe out the tears of our downtrodden brotheren and their sufferings. I would like to say that every country can prosper, if it is stable. Stability is the essential thing for progress. Without stability there cannot be any progress, there cannot be any development as such. I am happy that our Government under the leadership of Narasimha Raoji has given a very stable Government and we are seeing the fruits of the stable Government in the years 1994-95 and 1995-96. What happened when the Janata Government was ruling? When it was inherited by the late Indiraji everything was minus. Inflation rate was 21%. Industrial production had gone down by 1.5%. Everywhere it was minus. The GDP was minus. Everything was minus. But within a period of one-and-a-half years inflation was brought down to less than 10%. Industrial production grew up. In 1980 it was 10%. Whenever any non-Congress Government rules this country we have seen what the results were.

What happened after the Janata Dal came into power and when the Chandra Shekhar Government left? What was the economic and financial situation at that time? The inflation rate was 17 per cent. We had only one bilion dollars of foreign exchange only by which we could import essential requirements for the people as well as the industry only for two weeks. The rate of industrial growth was only .6 per cent. All these evils were there when non-Congress Governments were there. After Narasimha Raoji came into power, under his leadership and the leadership of the Finance Minister, we started the liberalisation process; of course, the liberalisation process was already there. But it was given teeth, it was made absolute only then. And today we are seeing the results of it. We see that the inflation rate came down to 4.42 per cent by 10th February this year....(*Interruptions)* To me, the most important thing is the essential commodities. What about essential commodities? That is what I ask. I would like to give some facts and figures. The poor people must be treated in such a manner that they feel that there is not much of a pinch on them. They must at least have the bare minimum food. In support of that, if I give some figures, it will not be out of context. As far as the prices of essential commodities are concerned, the price increase in wheat was 17 per cent in 1991 and now in 1995-96, it is -3 per cent. So, the inflation rate is negative. Similar is the case with rice and other essential commodities... (*Interruptions*) kindly listen to me. You will have your turn. I will plead only when I am satisfied. And I am satisfied...(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): He is giving the essential figures.

SHRI JAGESH DESAI: I am giving details about essential commodities because these are the commodities which are required by the vulnerable sections of our country. As compared to 1990-91, the increase in the price of rice in 1991-92 was 13.4 per cent; in 1992-93, it was 14 per cent; in 1993-94, the increase was 12 per cent only; in 1994-95, it was 9 per cent only and by the Ist of July, 1995, the price increased by 3.9 per cent only. It means that the price rose by 4 per cent only. Even the inflation rate came down to six to eight per cent. The price of wheat went up by 16.8 per cent in 1991-92; in 1992-93, the increase was -2 per cent; in 1994-95, it was-1 per cent and by the 1st July 1995, it was -5.6 per cent. It means that the price of wheat has come down. This is what we want and this is what the Government has done. Similarly, as regards all items of essential commodities, the picture is like this. In

1991-92, the price went up by 13.6 per cent and on 1st July, 1995, the increase is only 2.6 per cent. It is much less than the inflation rate itself. This shows that the Government has taken action to see to it that the commodities which are required by the vulnerable section, the essential commodities, are controlled... *(Interruptions)*

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): दाल के दाम भी बता दीजिए साल के साल।

श्री जगेश देसाई: मैंने आपको सभी के दाम बता दिए हैं। ..... **(व्यवधान)** .... इसमें दाल भी आ गई है। ..... इसमें दाल भी आ ई है। सब कुछ आ गया है। .... **(व्यवधान)** .... उसके बावजूद ..... **(व्यवधान)** .... लोगों को क्या चाहिए? राइस, व्हीट और दाल। क्या चाहिए लोगों को? गरीब लोगों को चाहिए, उनको रोटी के साथ प्याज़ भी मिलता है .... **(व्यवधान)** ....

SHRI JAGESH DESAI: I am not giving you a wrong picture. I am only giving you the correct picture. If you are not happy with what I am saying, I cannot help it. आप दाल का भाव पूछिए महाराष्ट्र गवर्नमैंट से, हमें नहीं पूछना है।

उप सभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आप फिगर बता दीजिए **(व्यवधान)** आप दुकान बता दीजिए, कहां मिलेगी? You address the Chair.

श्री संघ प्रिय गौतम: हम तो रोज़ देखते हैं, तीस रुपये किलो दाल है।

SHRI JAGESH DESAI: As far as GDP is concerned, it is the barometer of the country's progress. In 1993-94, the growth in GDP was 4.3%. In 1994-95, it was 6.3%. In 1995-96, it is going to be 6.2%. There is improvement in every sector.

A similar picture obtains so far as industrial production is concerned. In 1979-80, when the Janata Party was ruling, growth in industrial production was minus 1.4%. In 1991-92, when our Government took over, it was 0.6%. But in 1992-93 it went up to 2.3%. In 1993-94, it was 5.6%. In 1994-95, it was 8.4%. In this year, up to December, 1995 it is more than 12%. How has this been achieved? How has this happened? If the industrial sector improves, more employment opportunities could be created, more goods could be produced. If this happens, prices would come down. So, it is because of the industrial growth that the prices have come down. In addition to the industrial development, foodgrain production has also gone up. Because of all this, the prices have come down. I will now deal with the money supply position. The increase in money supply which was 22.4% some time ago was brought down to 15.6% by our learned Finance Minister by taking all necessary steps and by introducing all necessary reforms. That its why money supply was restricted and that is how we are able to check inflation. But the most important part of it is with regard to the pattern of industrial production. The growth in the capital goods production had gone up to 24%. It was 15.7% in 1993-94. I had pleaded in this House that we did not want an increase in the production of consumer durables. Consumer durables are not meant for common people. They are meant for upper middle-class people, rich people and not for common people. We want consumer goods. We need to produce more consumer goods than consumer durables. After I spoke on this issue, the situation has changed. The rate of growth in consumer durables which was 15.7% in 1993-94 came down to 9.5 per cent. As regards consumer goods, in 1991-92, the growth in consumer goods was 1.5% only. But in 1993-94, it went up to 8% and that is why people are getting the goods at reasonable prices.

So far as infrastructural development is concerned, it is the most important area and I would now like to deal with this aspect. We wanted the private sector to enter the power sector. I have pleaded in this House that power is very important and if public sector wants to generate power, they are most welcome. But resources are not there. We have to

provide resources for rural development; we have to provide resources for social services. If resources are not available for generation of power, let it be done by the private sector irrespective of the fact whether it is Indian or foreign. But, unfortunately, the private sector did not come into the power sector to the extent we desired it come in. However, we have to make efforts. If our efforts are not successful, then we have to provide funds to the public sector because without power, there cannot be industrial development. I know that in Gujarat and in some other parts of the country, even at present, industries have to be closed down for two-three days in a week because power is not available. So, power is fundamental for any economic activity. If power is not there, there cannot be industrial development. If industrial development does not take place, there would be shortage of goods. If there is shortage of goods, prices tend to go up. If we have to check the prices of goods, if we have to benefit the common man, it is necessary that we should increase the production of goods.

Otherwise, we shall be in a very, very bad situation. Similarly, the growth of electricity generation has been quite satisfactory. But, still, it is not up to the desired level. The production of steel has gone up. It was 4.6% in 1993-94 and it has gone up to 8.3%. As regards petroleum, it is very interesting that in 1991-92 the figure about the growth of petroleum crude was minus 8.1% and in 1992-93 it was minus 11.2%, which means that the production was much less than what it was in the earlier years. But, the picture changed in 1993-94. It was a positive growth, though it wasn't much. But, again, in 1994-95, it has gone up to 19.2%. This is what we required. If we see our exports and imports, our trade balance will be positive if oil imports are not taken into account. Shri Pranab Mukherjee, who was our Commerce Minister, is sitting here and he knows this very well. This is where the shoe pinches — that because of petroleum imports our trade balance is not favourable. That is why we have to make every effort to see to it that our petroleum production is increased so that we don't have to import it and we become totally self-sufficient. Then, our trade deficit will be converted into trade surplus.

Sir, so far as inflation is concerned, it has come down, as I told you earlier, to 4.42%. And, this has happened because of the policies of the Government. Sir, I would like to say a few words about the human face of liberalisation and the fate of the Indian industry, especially the small-scale industries. The small-scale industries are the back bone of our industrial development. 40% of the total industrial production comes from the small-scale industries. 36% of the exports are from these small-scale industries. Sir, the small-scale industries have to be encouraged. They have to be given finance. I am happy that those foreign banks which were not investing to the tune of 15% in the priorities sector, were asked to make up for the shortfall by investing in the Small Industries Development Bank. The resources will now be available for the small-scale industries. These industries should be given all the finances because most of our labour is employed in the small-scale industries. Proper attention should be given to the small scale industries. I am happy that the Prime Minister said it more than once that when the multinationals come here, we shall see to it that our industries, particularly the small-scale industries, are not adversely affected. Of course, we have to encourage the multinationals. I have been of that firm view. I have already said it in the House. It is not that I am saying this today. I think if Indian capital is not forthcoming, we cannot wait. We cannot wait now. There is not much waiting period. We have to do it, otherwise all our economic efforts will go to the dogs. Modernisation is required. Technology is

required. But, at the same time, we have to have a human face. Sir, in this context, I will quote what our hon. Prime Minister said at Davos on 2nd February, 1995. I will never say that this is a new economic policy. I will never say like that. It is a continuous policy, but it change according to the time in the interest of national development. If change are carried out for the good of the common man, there is nothing wrong with it. That is what our Prime Minister said at Davos. I will read a few paragraphs from his speech there so that my friends who say that these economic reforms do not have a human face, will understand it.

"In India, we recognise the change, but maintain a balance which has come to be known as the Middle Way. The Middle Way is not just a philosophical postulate enjoined by the great Buddha; it has permeated India's life in a variety of ways. When communist ideas tended to overpower Indian thinking in the early fifties, Prime Minister Nehru adumbrated the concept of mixed economy. He was criticised in every quarter, right and left, but the mixed economy concept has saved India time and again from political submission and economic dependence. And, if I can proudly say today that we have embarked on a successful programme of liberalisation, I owe this entirely to the concept of the mixed economy given to us by our first Prime Minister' Jawaharlal Nehru. Had it not been for that concept, we would be groping, we would be struggling as some other countries are today."

Sir, I would also like to quote the paragraph relating to human face. Before that, I would like to say:

"We cannot have readymade formula, we cannot have readymade prescriptions coming from thousands of miles. We have to evolve our own thinking, our own way of mending our shoe. In the new found enthusiasm for change, governments should not go overboard and plunge large chunks of thier people into mass misery; have no right to do so.

More than anything else, I am not on theory. I am saying I have no right to throw out ten million people overnight because I am enamoured of a particular change. I have no right to do so and if some one wants me to do that, I would say with great humility either he does not know my country, he does not know my culture or he does not know what I am really trying to do. So, I have no right to bring in mass misery, add to the misery which is already there in countries like misery which is already there in countries like India and other populous countries. We have to find solutions, humance solutions."

Our liberalisation policy should suit India. It should not suit U.S.A., Germany and other countries. It should for the good of the country. If it is good for our country, then we should adopt it.

In this connection, I would like to cite the example of China. When I spoke on the General Budget last time, I devoted nearly ten minutes on China's development. Every Year, China is getting 30 billion dollars as foreign investment. They have changed their tax laws to suit that investment. Are you going to encourage foreign investment or not? Every Chief Minister, whether Shri Jyoti Basu of West Bengal. or Shri Keshubhai Patel of Gujarat or Shri Manohar Joshi of Maharashtra or Shri Deve Gowda of Karnataka, wants foreign investment because...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: (UTTAR PRADESH) Even the Chief Minister of Bihar.

SHRI JAGESH DESAI: Yes, Bihar also. Shri Laloo Prasad had arranged a conference of NRIs and others. If we cannot find the resources, then let it come from outside, but not on the terms that they dictate. No, we shall not bow before them. We shall never do it. Our

country has never done it; Rajivji had never done it, Indiraji had never done it, Jawaharlalji had never done it and our present Prime Minister is not doing it.

There was a tremendous pressure from U.S.A. on India not to deploy *Prithvi*. But, I am happy and I would like to congratulate our Prime Minister that he did not succumb to that pressure and now *Prithvi* is one of the missiles in our defence arsenal. So is the case with *Arjun* tank. We will never be bogged down by anybody. I know that tremendous pressure is being exerted on our country because of NPT, but our Prime Minister says that there will not be any compromise on that. It should be non-proliferation, it should be comprehensive and it should be universal. That is our policy. We have been assured in many discussions at various fora that our Government will stand firmaly. I know that when our Prime Minister decides something, he always stands like a rock. Nobody can what he has decided. Whatever decisions he takes, he takes after mature discussion.

He thinks over. *(Interruptions)* I will tell you. You see what happed after Davos. Whatever he said, has he implemented it or not? How many industries have been revived in the public sector? Doses of finance have been given to the public sector for revival. Our Industry Minister, Shri Karunakaran, has also said that we shall try to see that sick industries got revived and will be made viable by pumping in money. But if some are not viable and cannot serve the purpose, then there is no other alternative but to close down.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Even two proposals of the BIFR have been rejected by the Government. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : We shall take it up at the time of Vote on Account. (*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Systematically your Government is closing down units in the public sector.(*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : No, no. (*Interruptions*) I will never agree to it. I am of the firm opinion. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Roy, you make your point when your turn comes. At that time you explain your position. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : I am a firm supporter of the public sector It was.....(*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Your are closing them down. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : It is not so (*Interruptions*) No, it is not so. (*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Yes. That is the latest position. The report says so. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : Listen to me. (*Interruptions*) Even in the last year's budget, budgetary support for the public sector was not less. (*Interruptions*) I am talking about the interim account. How can you say like that? (*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: No capital investment was made. Not even a single paisa was there. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : Bonds were floated for the public sector. (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Why are they interrupting when the Member is speaking? (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : Bonds were floated for the public sector. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Roy, would you not sit down? (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : The Janata Government was in power for two years.

(*Interruptions*) When it was in power, the public sector was in a worst condition. After Rajivji became Prime Minister, finances were given to the public sector. (*Interruptions*) We are saying that....(*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Your Government is selling out...(*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI : Finances were given to the public sector.

AN HON. MEMBER: Are you discussing China's policy? (*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: No. He was discussing. (*Interruptions*) You were discussing China. (*Interruptions*)

SHRI JAGESH DESAI: When the Janata Party left the profits of the public sector were only Rs. 180 crores. It did not do anything for two years. Today, it is more than Rs. 5,000 crores. There are profits even after taking into account all the losses of the public sector were taken into account and it has to be encouraged. Our Prime Minister is encouraging it. If he wants money for rural development, ultimately, we have to find some resources. The public sector has been given permission for tax-free bonds. Is it not true? What more do you require? *(Interruptions)*

SHRI JIBON ROY: The Government is not pumping back that money. It is not investing. *(Interruptions)*

SHRI JAGESH DESAI: Tax-free bonds are at 10% interest rate. You can understand. *(Interruptions)* I am happy if further funds are given to the public sector. *(Interruptions)*

Sir, regarding the NPT and our relationship with neighbouring countries, I am very happy. Once again, I would request the Prime Minister, when he gives his reply, to inform the House about what actions the Government have taken in the last ten days in regard to Purulia arms dropping so that we can assure the people of this country that adequate actions have been taken by the Government to see that there is no recurrence of such kind of incidents.

As regards the liberalisation policy, it has to continue. I am of the firm view. I am of the firm view for the reason that earlier even if the capacity was there to produce more, you could not exceed what was mentioned in the licence. If you can produce more, what is wrong in it? Sir, such things were there and action had to be taken. With the result, the industrial production has gone up. Sir, I will take only five more minutes and conclude. Sir, people will judge by what the Government has done in the last five years on all fronts. On all fronts only people will judge, whether it is on social front or whether it is on political front. Our budget for social services has gone up to 46 per cent because we want that the common man should get education, medical attention, etc. As such our Prime Minister has always been saying that we have to see the human face and human face means that whenever there is liberalisation, the fruits of such liberalisation should go to the common man. In that way we are going to do it. I am sure that things will improve and our future generations will say that because this Government has done so much for the poor, this should continue. The people of this country understand it. They want stability and they will compare the work done by previous other Governments and this Government. They will rightly come to the conclusion that it is the Congress and the Congress Government alone which can give stability and which can maintain the progress...*(Interruptions)*... Now, I would like to conclude my speech on a personal note...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Let him conclude.

SHRI JAGESH DESAI: This Government is again going to come to power because people have understood...*(Interruptions)*... They have seen what hap-

pened in 1979 and they have also seen what happended in 1990. People understand what this Government has done and what the other Governments have done. The Indian people are very intelligent... *(Interruptions)*... They are intelligent. What happened in 1979 and what happened in 1990, you should not forget it. People are very intelligent though they are silent spectators. Now, I will conclude on a personal note. This may probably be my last speech in the House. Sir, I would like to say that I have always got total support from our Chairman whenever I raised issues concerning the people. He always allowed me. Similarly, our Deputy Chairman was also very kind. Our Leader Shri Shankarrao has always encourage me. I would also like to say that whenever I met the Prime Minister, whenever I discussed with him the problems concerning the people, he has always been attentive and he has done whatever is possible. I have always got support from our friends from the Opposition and my colleagues. I may not be here, but I would like this House to function. I would like that the *garima* of this House is maintained. Discussions should be there. Sometimes there may be quarrels; but, let us discuss the issues. I would be sitting in the galleries of the Rajya Sabha and watching that my friends are pursuing the matters in the right spirit. With these words, I again thank our hon. President for his Address. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): We will be recalling your contribution.

SHRI VIREN J. SHAH (Maharashtra): I support the last part of your speech.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Now, Shri Ajit P.K. Jogi will second the Motion.

श्री अजीत जोगी (मध्य प्रेदश): उपसभाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण हम सांसदों के लिए और हमारे माध्यम से पूरे राष्ट्र के लिए और पूरे राष्ट्र की जनता के लिए एक अवसर होता है समग्र निसंहावलोकन का—और राष्ट्र की राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक परिस्थिति कैसी है, यह सिंहावलोकन करके दो सत्रों के बीच में हमने क्या किया, क्या नहीं कर पाए, क्या हमारी उपलब्धियां रहीं, क्या हमारी कमियां रहीं क्या हमने खोया, क्या हमने पाया और अंततः हम राष्ट्र को राष्ट्र के नुमाइंदे होने के नाते, जन प्रतिनिधि होने के नाते सही दिशा में ले जा रहे हैं—यह सुनिश्चित करने का। यह दसवीं लोक सभा का अंतिम सत्र है इसलिए यह कहना चाहूंगा कि जब मैं इस परिवेश में सोचता हूं तो मुझे पांच वर्ष पहले का भारत याद आता है—जून 1991 का भारत, राजनैतिक रूप से विघटन और अस्थिरता के कगार पर खड़ा हुआ भारत, ऐसा भारत जहां पंजाब जल रहा था, आसाम दहक रहा था, काश्मीर में दावानल की लपटें आसमान को छू रही थीं। पूरा उत्तर-पूर्व अशांत था, एक ऐसा भारत जो आर्थिक रूप से लगभग दिवालिया हो गया था, मेरे मित्र श्री जगेश देसाई जी ने बताया जून, 1991 का भारत जबकि हमको 18 टन सोना बेचना पड़ा, 47 टन सोना गिरवी रखना पड़ा और हमारे पास विदेशी मुद्रा के रूप में केवल तीन हजार करोड़ रुपये थे, केवल 15 दिन का पेट्रोल, डीज़ल और रासायनिक खाद उससे खरीद सकते थे यह आर्थिक स्थिति थी और सामाजिक रूप से उपसभाध्यक्ष महोदय, पांच वर्ष पहले का भारत याद करिए, सांप्रदायिकता का तनाव, मंडल का तनाव, कमंडल का तनाव, जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर पूरे भारत में तापमान कितना ऊंचा उठा हुआ था। पूरे भारत में किस तरह से हम एक-दूसरे से टकरा रहे थे? यह पांच वर्ष पहले का भारत था, आज पांच वर्ष बाद का भारत क्या है, इस बारे में हम सोचें, राजनीतिक रूप से देखिए, पंजाब, पंजाब जाकर पता नहीं लगता कि यह वही पंजाब है जो 5 वर्ष पहले का था। आसाम में उल्फा और बोडो नियंत्रण में हैं। पूरा उत्तर-पूर्व शांत है। काश्मीर के मामले में जरूर मैं यह कहना चाहता हूं कि काश्मीर के मामले में शायद उतनी प्रगति नहीं हुई जितना देशवासी चाहते हैं। पर इतना मैं जरूर कहना चाहूंगा कि काश्मीर के मामले में भी हमने शुरूआत की है, राजनीतिक प्रक्रिया की शुरूआत की है, हम वहां चुनाव कराना चाहते हैं। यह है आजकी राजनीतिक परिस्थिति का भारत और आर्थिक रूप से, आर्थिक रूप से हमने जो प्रगति की है, उपसभाध्यक्ष महोदय, कई बार ऐसा होता है कि क्योंकि इन आर्थिक सुधारों के पांच वर्षों को हमने खुद जिया है, इसलिए कई

बार ऐसा होता है कि हम उस ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाते, उस दूरी पर नहीं पहुंच पाते जहां से हम निष्पक्षता से यह फैसला कर सके कि आर्थिक सुधारों का लाभ आम आदमी को क्या मिला है। पर मैं विनम्रतापूर्वक यह कहना चाहूंगा कि आर्थिक सुधारों ने आम आदमी के जीवन को, मेरे और आपके जीवन को, हम सब के जीवन में बुनियादी परिवर्तन लाया है। मैं अपने बारे में कह सकता हूं। पांच वर्ष पहले मैं अपने बेटे के लिए, अपनी बेटी के लिए जिस तरह के कैरियर की बात सोचता था, आज वैसी बात नहीं सोचता हूं। इन आर्थिक सुधारों के कारण, उदारीकरण के कारण, जब पूरा विश्व सामने खुल गया है, पूरे विश्व की आर्थिक व्यवस्था हमारे सामने खुली हुई पड़ी है, तो हमारी सोच में परिवर्तन आया है, हमारे खान-पान में, हमारे रहन-सहन में, सब कुछ मे परिवर्तन आया है। सामाजिक जीवन में, वह जो तनाव जो मंडल के नाम था, कमंडल के नाम था, जो जाति के नाम था, जो धर्म के नाम था, जो संप्रदायों के नाम था वह तनाव, मैं इसका श्रेय अपने रहनुमा हमारे प्रधानमंत्री श्री नरसिंह राव जी और उनकी सरकार को देना चाहता हूं कि वह जो तनाव का वातावरण समाज में व्याप्त था। भाई भाई का खून करने के लिए अमादा था। वह जो तनाव का वातावरण जो जाति और धर्म के नाम पर हमको अलग किया हुआ था वह इस बुजुर्ग ने, इस परिपक्व राजनीतिज्ञ ने इस देश को अपनी परिपक्वता से, अपनी समझदारी से उस तापमान को नीचे लाया। उन्होंने क्या किया। लोग यह कहते हैं कि इस देश में धर्म और राजनीति को हमेशा अलग करके सोचना चाहिए। मैं यह मानता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री ने ऐसा नहीं माना। उन्होंने कहा कि इस देश में हर व्यक्ति अपने धर्म को मानने वाला होता है, उसको धर्म से अलाहिदा करके, धर्म से अलग करके नहीं रख सकते हैं। इसलिए उन्होंने हम सब को यह समझाया, पूरे देश को यह समझाया और देश को उसी तरफ से ले गए। उन्होंने कहा कि यह देश अच्छे से तभी चलेगा जब हिन्दू सही हिन्दू बन जाएगा, जब मुसलमान सही मुसलमान बन जाएगा, जब ईसाई सही ईसाई बन जाएगा, जब बौद सही बौद बनेगा, जब जैन सही जैन बनेगा हर आदमी जब अपने धर्म का सही पालन करने लगेगा तभी इस देश में जो सामाजिक तनाव है वह कम होगा। उन्होंने याद दिलाया कि इस संसद् में हम रोज़ प्रवेश करते हैं।

संसद के मुख्य द्वार पर जानबूझकर मैं यह मानता हूं, जिन्होंने हमें आजादी दिलायी, जिन्होंने जंगे आजादी लड़ी, उन लोगों ने जानबूझकर संसद के मुख्य द्वार पर, सेंट्रल हॉल के मुख्य द्वार पर ऋग्वेद का यह श्लोक लिख दिया है:

"अयम् निजः परोवेति, गणना लघुचेतसाम्, उदार-चरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम्"

तो यह सच्चा हिंदू कौन है? जो कहे अयम् निजः परोवेति? जो यह कहे कि मैं मैं और तू तू। जो यह कहे कि मैं हिंदू और तू मुसलमान, मैं हिंदू तू सिख, तू ईसाई, तू बौद, तू जैन; जो यह कहे कि मैं अगड़ा और तू पिछड़ा, जो यह कहे कि मैं धनवान और तू गरीब, सच्चा हिंदू कौन है? अयम् निजः परोवेति? यह मैं अपनी बात नहीं कह रहा हूं। संसद के मुख्य द्वार पर ऋग्वेद का श्लोक लिखा हुआ है। यह वेद में लिखा हुआ है जिसे हम आदिशास्त्र मानते हैं, जिसे हम ब्रहम् वाक्य मानते हैं। वेद हमारी संस्कृति और हमारे धर्म की आधारशिला है जिस में यह कहा गया है कि अगर कोई ऐसा मानता है, तो यह सच्चा हिंदू नहीं है। सच्चा हिंदू तो वह है जो यह कहता है कि—

"उदारचरितानाम् तु वसुधैव कुटुम्बकम्"

जो पूरी वसुधा को, जो पूरे विश्व को अपने कुटुम्ब के रूप में माने। चाहे वह हिंदू हो, चाहे मुसलमान हो, चाहे सिख हो, चाहे ईसाई हो, चाहे गरीब हो चाहे अमीर हो चाहे आदिवासी हो या चाहे अनुसूचित जाति हो, चाहे अगड़ा हो, चाहे पिछड़ा हो, जो सब को, पूरी वसुधा को, न केवल पूरे भारत को बल्कि पूरी वसुधा को अपना कुटुम्ब मानता है वह सच्चा हिंदू होता है। ऐसा संदेश उन्होंने हमें दिया। और यह बात नहीं कि केवल हिंदू धर्म की बात है। हमारी सरकार ने हम को यह बताया कि केवल हिंदू के हिंदू बन जाने से यह बात नहीं होगी। मुसलमान भी जब सच्चा मुसलमान बनेगा तब क्योंकि इस्लाम में भी यही बात है। ईसाई धर्म में भी यही बात है। अब समय कम है, नहीं तो मैं यह बात विस्तार से बता सकता हूं कि हम ने, हमारी सरकार ने, हमारे प्रधान मंत्री ने देश का तापमान कैसे कम किया?

आखिर जब मुसलमान दुआ मांगता है, फातिहा पढ़ता है तो यही कहता है—

"बिसमिल्लाह ए रहमान ए रहीम निर्रहीम लाइलाहा इल्लललाह, अलहमदु लिल्लाही रब्बुल आलमीन"।

यह दुआ मांगते हुए वह यह नहीं कहता कि आप केवल मुसलमानों के रब्बा पर पूरे आलम के रब्ब है। ऐसा वह नहीं कहता है। यही बात ईसाई धर्म में कही

जाती है। यही बात बुद्ध धर्म में कही जाती है। जब तक आप यह नहीं समझेंगे, जब तक हम सब यह नहीं समझेंगे, जब तक पूरा देश यह नहीं समझेगा, जब तक हिंदू यह नहीं मानेगा कि मैं सच्चा हिंदू बनकर रहूं, जब तक मुसलमान नहीं मानेगा कि मैं सच्चा मुसलमान बनकर रहूं, तब तक देश का राजनीतिक और सामाजिक तापमान कम नहीं होगा। यह बात हमारी सरकार ने इस देश को बतायी है और इसी से आज पूरे देश में सामान्य वातावरण है। आज यही बात मैं रेखांकित कर के आप के समक्ष कहना चाहता था और यह बात मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 1991 के भारत और 1995 के भारत में जो मौलिक परिवर्तन है, बुनियादी परिवर्तन है, तापमान जिस तरह से कम हुआ है और लोग अब सामान्य ढंग से सोचने लगे हैं, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उपाध्यक्ष महोदय, मेरी व्यक्तिगत रूप से यह मान्यता है कि यह हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी भाई जगेश देसाई जी ने आर्थिक सुधारों के बारे में बहुत लंबी चर्चा की है, इसलिए मैं उस पर बहुत लंबी बात नहीं बोलना चाहता, पर इतना जरूर कहूंगा कि जब आर्थिक परिवर्तन की बात होती है, आर्थिक सुधार की बात होती है तो मुझे फिर से वह बात याद आ रही है जब जुलाई 1991 में हम में से जो सदस्य उस समय थे, उस खामोश शाम को हम सब राज्यसभा की दीर्घा में जाकर लोकसभा में बैठे थे और हम देख रहे थे कि एक बुद्धिजीवी, नौकरशाह, सरदार अपना पहला बजट पेश करने जा रहा है। मेरे मन में बड़ी आशंका थी क्योंकि उस दिन आर्थिक सुधारों के इतिहास का प्रारंभ होने जा रहा था। मुझे याद आ रहा था कि किस तरह आर्थिक सुधारों की बात रूस में गोर्वाच्योब जी ने की। जब पेरेसस्ट्रॉयका की बात की गई और उस बात को लेकर रूस मे वह आग फैली कि आर्थिक सुधारों के चलते पूरा रूस विघटित हो गया। हमारे दिल मे भी संदेह था और हम वहां खामोश बैठे थे। हमारे साथी जगेश देसाई जी थे, सिब्ते रज़ी जी थे और हम सब खामोश बैठे थे। हम यह सोच रहे थे कि जो शुरुआत आज डा० मनमोहन सिंह जी कर रहे हैं, हम यह सोच रहे थे कि यह एक अराजनीतिक व्यक्ति आज हमारे देश का बजट पेश करने जा रहा है, वह किस तरह का बजट पेश करेगा? भारत तो सोवियत रूस से भी बहु-आयामी समाज है यहां बहुत से धर्म हैं, बहुत सी भाषाएं हैं, बहुत से संप्रदाय हैं, बहुत सी जातियां हैं और हमारी तरह-तरह की समस्याएं हैं। हम सब के मन में संदेह था जब वह 1991 का बजट पेश कर रहे थे कि क्या यह हमारे विघटन की शुरुआत तो नहीं होगी? पर आज मुझे यह कहते हुए बड़ा हर्ष होता है, अब 5 साल का अरसा बीत गया है और हम ने इन 5 सालों में बहुत कुछ प्राप्त किया है। आर्थिक क्षेत्र में जो उपलब्धियां हुई हैं उन के बारे में जैसेकि मैं पहले कह रहा था कि हम कई बार महसूस नहीं करते हैं क्योंकि हम ने आर्थिक सुधारों के इन 5 वर्षों को खुद जिया है। हम को यह नहीं लगता है कि किस तरह से आम आदमी के जीवन में उन आर्थिक सुधारों के चलते परिवर्तन आया है। इसलिए मैं एक-दो बातें बताना चाहूंगा। मेरे साथी जगेश देसाई जी ने बहुत सी बातें बताई हैं, पर एक-दो बातें मैं कहना चाहता हूं। महोदय, पिछले माह मैं बस्तर गया था। बस्तर हमारे यहां का आदिवासी बाहुल्य जिला है। मैं वहां के कलेक्टर से बात कर रहा था। उन से मैंने पूछा कि आप को ग्रामीण विकास के लिए इस साल कितना पैसा मिला है?

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मि० मीना वहां कलेक्टर हैं?

श्री अजीत जोगी: हां मि० मिना। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मुझे केवल ग्रामीण विकास के लिए 80 करोड़ रुपए मिले हैं और मेरे पास ऐसी मशीनरी नहीं है कि मैं एक साल में 80 करोड़ रुपया बस्तर जैसे आदिवासी और कठिन जिले में खर्च कर सकूं। में पूछना चाहता हूं कि यह कैसे संभव हुआ? महोदय, सातवीं पंचवर्षीय योजना में ग्रामीण विकास के नाम से साढ़े 7 हजार करोड़ रुपए का आवंटन था आर्थिक सुधार के चलते जब बहुत से सरकार के काम निजी सेक्टर में चले गए जैसे बिजली का स्टेशन लगाना और दूसरे काम जब सरकार के निजी सेक्टर के पास चले गए और जो पैसा बचा साढ़े 7 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 30 हजार करोड़ रुपया ग्रामीण विकास के लिए इस सरकार से और इस सरकार के आर्थिक सुधारों के चलते हम को मिले हैं और आज बस्तर के कलेक्टर महोदय हम से कहते हैं कि 75-80 करोड़ रुपया मिल रहा है। और मैं नहीं जानता कि यह किस प्रकार खर्च होगा।

महोदय, यह कितना बड़ा बुनियादी परिवर्तन है। कहीं हम पैसे के लिए मांग करते रहते थे, ढूंढते-फिरते थे कि ग्रामीण विकास के लिए, स्कूल के लिए, सड़क के लिए

हम को पैसा मिले। अब यह इतना बड़ा परिवर्तन आर्थिक सुधारों के चलते आया है। इसीलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जो आर्थिक सुधारों से परिवर्तन आया है उस को आप और हम यूं ठीक से महसूस नहीं करते हैं। महोदय, एक छोटी से बात है। आप और हम सब हवाई यात्रा करते हैं। आप 1991 के पहले के आंकड़े निकालकर देखें। इंडियन एअरलाइंस से यात्रा करने वाले लोग 1991 तक केवल 18 लाख होते थे। आज निजी हवाई सेवाएं चलने लगी हैं और हम भी निजी वायुयानों में चलते हैं। इन 4-5 सालों में 18 लाख से बढ़कर एक करोड़ लोग वायुयान से चल रहे हैं। कितना बड़ा परिवर्तन है? यह मैंने आप को दो "एकस्ट्रीम्स" का उदाहरण दिया — एक बस्तर का और एक अमीर आदमी जो वायुयान में चलता है उस का उदाहण दिया है। दोनों के जीवन पर कितना बुनियादी और मौलिक परिवर्तन इन सुधारों के चलते आया है।

श्री शिव चरण सिंह (राजस्थान): माननीय जोगी जी, ग्रामीण विकास का प्रतिशत क्या है? यह 1.9 प्रतिशत है और केवल 30 हजार करोड़ रुपया जबकि सारे देश में ग्रामीण आबादी 70 प्रतिशत है? तो 70 प्रतिशत को 30 हजार करोड़ यानी 1.9 प्रतिशत आता है और वह भी छठवें प्लान के बाद ग्रामीण विकास शुरू हुआ। छठवें प्लान के पहले तो ग्रामीण विकास था ही नहीं।

श्री अजीत जोगी: सिंह जी, मैं इस बात का जवाब अंत में दे दूंगा। पहले मैं अपनी बात कहलूं फिर आप जो कह रहे हैं, उस का भी जवाब दूंगा क्योंकि मैं जो कुछ कह रहा हूं बहुत सोच-समझकर और संतुष्ट होकर कह रहा हूं और यह मानकर कह रहा हूं कि यह बात सही है इसलिए कह रहा हूं। आप ने जो बात कही है, उस का भी जवाब दूंगा। पहले मुझे अपनी बात समाप्त कर लेने दीजिए फिर सिंह साहब आप को जो संदेह होगा, वह मैं स्पष्ट कर दूंगा। आप मेरे से बहुत से संदेह स्पष्ट कराते रहे हैं, यह भी कर दूंगा।

अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात और सदन के ध्यान में लाना चाहूंगा। पहली बार मैं देख रहा था और मुझे यह पढ़कर प्रसन्नता हुई। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि जितने बेरोजगार लोग रोजगार के लिए सामने आते हैं, उन से ज्यादा लोगों को एक वर्ष में रोजगार दिया गया।

70 लाख लोगों ने रोजगार के लिए इस वर्ष अपना जेस्ट्रेशन कराया और 72 लाख लोगों को इस वर्ष रोजगार मिला। यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ है। क्यों हुआ है, कैसे हुआ है? अगर आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आरम्भ न की गई होती तो यह कैसे होता? ...**(व्यवधान)**...

ग्रास डोमेस्टिक प्रोडक्ट में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 1991 तक के वर्ष में, जब आप लोग सरकार में थे, मैं कोई विवाद की या वाद-विवाद की बात नहीं कहना चाहता, मैं जो महसूस कर रहा हूं, केवल वही बताना चाहता हूं। पर मैं यह बात देख रहा हूं कि 1991 में जब आप लोगों की सरकार थी, उस समय ओद्योगिक उत्पादन की वृद्धि की दर आधा प्रतिशत, 0.5 प्रतिशत थी और अब कल आपको जो आंकड़े उपलब्ध कराए गए हैं, उनसे ज्ञात होता है कि लगभग 12 प्रतिशत औद्योगिक विकास की दर हुई और उद्योग के क्षेत्र में बहुत बड़ा काम हुआ। न कोटा, न परमिट, न लाइसेंस, न लालफीताशाही, केवल 16 उद्योग-ऐसे शेष हैं जिनमें आपको लाइसेंस लगता है, पांच पब्लिक सैक्टर के उद्योग जो रिज़र्व्ड हैं, उनको छोड़कर और पिछले चार वर्षों के आंकड़े हैं, पिछले चार वर्षों में भारत में 40 हजार करोड़ रुपए की विदेशी पूंजी आई, जो आपके फाइव इयर प्लान का आधे से ज्यादा से, उतनी विदेशी पूंजी बाहर से आई है। ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Allow him to speak. When your turn comes—, you mention it.

MISS SAROJ KHAPARDE (Maharashtra): You correct the figure when your turn comes.

SHRI AJIT P.K. JOGI: You have your source, Mr. Roy. I have my own source.

मुद्रास्फीति के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह से कीमतें बढ़ रही थीं और 17 प्रतिशत मुद्रास्फीति की दर 1991 में थी। मैंने एक किताब पढ़ी क्रांतियों पर, इन्कलाबों पर जिसमें ऐनेलेसिस किया है कि फ्रेंच रिवल्यूशन, रशियन रिवल्यूशन क्यों हुए? जब मुद्रास्फीति की दर किसी समाज में, किसी राष्ट्र में 12 प्रतिशत से ज्यादा हो जाती है, उस लेखक ने सिद्ध किया, तो वहां असंतोष इतना बढ़ जाता है कि फिर क्रांतियों के अलावा कोई चारा नहीं रह जाता। हमारे यहां 1991 में मुद्रास्फीति की दर 17 प्रतिशत थी जो आज कम होकर के 5 प्रतिशत रह गई है। जगेश भाई ने कहा साढ़े चार

प्रतिशत हो गई है। मैं आधे प्रतिशत का जिक्र नहीं करना चाहता, मैं कहता हूं कि 5 प्रतिशत भी हो गई है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। 17 प्रतिशत से उसको 5 प्रतिशत तक इस सरकार ने अगर लाया है तो यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, इसको आप नज़रअंदाज़ नहीं कर सकते । ..(व्यवधान)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Jogi, don't reply to him.

Mr. Jibon Roy, don't give a running commentary. No. Allow him to speak.

श्री अजीत जोगी: खाद्यान्न उत्पादन के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि भारत में खाद्यान्न उत्पादन, जब भारत आजाद हुआ था, केवल 50 मिलियन टन का खाद्यान्न उत्पादन साल में होता था और अब इस पिछले वर्ष 192, इस वर्ष 191 मीलियन टन का खाद्यान्न उत्पादन इस देश में हुआ और बफर स्टाक के रूप में 40 मिलियन टन हमारे एफ०सी०आई० के और दूसरे गोदामों में रखा हुआ है। हमने एक समय वह भी देखा है 70 के दशक में जबकि हम कटोरा लेकर घूम रहे थे, लाल गेहूं लेने के लिए तरस रहे थे। मैं उस समय जिला प्रशासन में था, मैं जानता हूं कि खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए न जाने कितने दंगे हुआ करते थे और आज यह स्थिति है कि 40 मिलियन टन का बफर स्टाक इस देश में है। अपने आपका क्रिटिसिज्म करके, अपने आपको नीचा दिखाने के लिए जो हीन भावना का बोध आता है, यह कभी देश के मनोबल को बनाने के लिए उचित नहीं होता। बहुत सी कमियां हैं, मैं उन पर भी बोलूंगा। मैं उन सदस्यों में से नहीं हूं जो केवल सकारात्मक पहलू आपके सामने रखकर अपने भाषण को समाप्त कर देंगे। जो कमियां मुझे महसूस होती हैं, मैं उन कमियों की तरफ भी इस सरकार का, आप सबका, इस देश का और पूरे राष्ट्र का ध्यान आकर्षिक करना चाहूंगा।

जहां तक गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों का सवाल है, इस देश में 50 प्रतिशत से ज्यादा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग थे 1991 में। अभी जो ताजा आंकड़े हैं, उनके अनुसार 25 प्रतिशत लोग अब गरीबी रेखा से नीचे आते हैं। मैं केवल जो छपे हुए आंकड़े हैं, उनके आधार पर कह रहा हूं, पर अगर 50 प्रतिशत लोग, अगर आधा देश गरीबी रेखा से नीचे निवास करता था और आज अगर एक चौथाई देश गरीबी रेखा से नीचे निवास कर रहा है तो यह ऐसी उपलब्धि नहीं है कि जिसको हम इस तरह या उस तरह कहकर भूल जाएं, यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है।

3 P.M. यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैंने जैसा कहा था, सब कुछ ठीक चल रहा है, यह मैं नहीं मानता हूं। हमारी बहुत सी कमियां हैं और उन कमियों का जिक्र मैं यहां पर जरूर करना चाहूंगा क्योंकि उन कमियों की तरफ हमने सरकार का ध्यान बार-बार दिलाया है। आदरणीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं, प्रणब मुखर्जी साहब भी यहां बैठे हैं, हमारी सरकार के 2 महत्वपूर्ण मंत्री यहां बैठे हैं। इसलिए जो खराब बातें लगती हैं, ऐसी बातें भी मैं कहना चाहूंगा।

महोदय, बहुत बार कहा गया कि अगर हमको वित्तीय अनुशासन लाना है तो हमें सरकारी खर्च कम करना चाहिए। पर मुझे यह कहते हुए बहुत दुःख होता है कि सरकारी खर्च में जो कटौती होनी चाहिए, वह हम नहीं कर पाए हैं। इस दिशा में प्रयास करने की जरूरत है।

एक बात कही जाती है ट्रिकल-डाऊन थ्योरी की कि जब ऊपर के स्तर पर ज्यादा इन्वैस्टमेंट होगा, ज्यादा पूंजी लगेगी, ज्यादा उद्योग लगेंगे तो धीरे-धीरे उसका लाभ अंत में बैठे हुए आदिवासी को यह अनुसूचित जाति के व्यक्ति को यह गरीब व्यक्ति को यह पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को मिलेगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि अभी तक ट्रिकल-डाउन के आधार पर नीचे लाभ पहुंच रहा है, ऐसा नीचे के व्यक्ति को महसूस नहीं हो रहा है। हमको इसीलिए अपने विकास की गति को और बढ़ाना होगा जिससे नीचे के आदमी को यह महसूस होने लगे कि यह जो आर्थिक सुधारों का रास्ता खोला गया है, यह रास्ता अंततः मुझे भी लाभ देगा।

इसी तरह से आर्थिक सुधार हमने उद्योग के क्षेत्र में बहुत कर लिए, दूसरे क्षेत्रों में बहुत कर लिए पर आर्थिक सुधारों को हम एग्रीकल्चर सैक्टर से, कृषि क्षेत्र से नहीं जोड़ पाए हैं। यह सही बात है कि इस देश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है, इस देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आमदनी कृषि पर आधारित है। हमें अपने आर्थिक सुधारों को जिस तरह से कृषि सैक्टर से जोड़ना चाहिए था, वैसे हम नहीं जोड़ पाए हैं। इसकी ओर भी हमें ध्यान देना चाहिए।

एक बात और जो हम लोग बार-बार कहते हैं, आप लोग भी कहते हैं वह है आर्थिक सुधारों को मानव चेहरा पहनाने की बात। मैं इस बात को स्वीकार करूंगा कि

"but regret that the Address fails to mention about the action taken against the officials involved in sugar import scam particularly in the light of the Gyan Prakash Committee report and steps taken by Government to obviate the chances of occurrence of such crimes in the future."

179. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to highlight the deteriorating law and order situation in the country particularly in Jammu & Kashmir and the steps taken by the Government to improve the situation."

180. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to mention about the increasing crimes against women, children and weaker sections of the society and the steps taken to combat the situation effectively."

181. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to mention the details of steps taken by the Government for bringing forward suitable legislation to protect the honour and dignity of women and to check the crimes against women and children."

182. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not mention any concrete directions to contain widespread terrorist activities in the country."

183. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to mention about the increasing frauds in the nationalised banks and needs for effective measures to tackle these frauds and improving the operational efficiency and customer services in banks."

184. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address does not contain any programme for the eradication of poverty and upliftment of poor and down trodden."

185. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to highlight the delays in the utilization of foreign loans necessitating the payment of huge amount of commitment charges."

186. That at the *end* of the Motion, the following be *added*, namely:—

"but regret that the Address fails to give direction to the Government to keep the Broadcasting media, such as All India Radio and Doordarshan free from Government control and misuse of the media in projecting Prime Minister's image."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Amendment Nos. 187 to 241 are in the name of Shri Satya Prakash Malaviya.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मेरे नाम के सामने जो संशोधन हैं, उनको मैं पेश कर रहा हूं।

187. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में चुनाव कानून में व्यापक संशोधन करने हेतु सरकार की मंशा का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

188. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में उत्तर प्रदेश के

पिछड़ेपन को दूर करने के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

189. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में उत्तराखंड के लोगों में अत्यंत गरीबी और पिछड़ेपन के कारण व्याप्त असंतोष को दूर करने तथा उत्तराखंड पृथक राज्य स्थापित करने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

190. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में किसानों में व्याप्त असंतोष को दूर करने और उन्हें उनकी उपज का लाभप्रद मूल्य दिलाने के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले प्रस्तावित कदमों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

191. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में मिर्जापुर तथा मेजा बाड़ा तहसील इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में रहने वाले आदिवासियों की स्थिति में सुधार लाने के लिए किसी बात का उल्लेख नहीं किया गया है।"

192. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगार युवकों की बेरोजगारी को दूर करने के लिए किसी बात का उल्लेख नहीं किया गया है।"

193. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आवास समस्या का समाधान करने तथा गृह विहीनों को आवासीय एकक प्रदान करने के लिए किसी बात का उल्लेख नहीं किया गया है।"

194. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश के पिछड़े इलाकों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

195. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों को नियंत्रित करने तथा जीवन निर्वाह के खर्च में अत्यधिक वृद्धि को रोकने के लिये कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

196. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में हरिजन तथा कमजोर वर्गों पर हो रहे बर्बर अत्याचारों को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले किन्हीं ठोस कदमों का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

197. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में सिर पर मैला ढोने की प्रथा को समाप्त करने के लिए किसी योजना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

198. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में किसानों को अबाधगति से बिजली की सप्लाई किये जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

199. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में राष्ट्रीयकृत बैंकों के कार्यकरण में सुधार लाये जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

200. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में असम-समझौता लागू करने के किसी कार्यक्रम के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

201. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में साम्प्रदायिक प्रवृत्तियों और तनाव की रोकथाम करने के लिए किन्हीं ठोस कदमों के उठाये जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

202. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में काम के अधिकार को संविधान के एक मौलिक अधिकार के रूप में शामिल किए जाने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

203. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने के प्रावधान के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

204. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में भूमि-सुधारों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

205. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में खेतिहर श्रमिकों और भूमिहीन व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार करने की किसी योजना के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

206. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में सत्तारूढ़-दल द्वारा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी के दुरुपयोग को रोकने की किसी योजना के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

207. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों की स्थिति में सुधार लाने के लिए किसी समयबद्ध योजना के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

208. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में प्रतिवर्ष बाढ़, अतिवृष्टि और सूखा से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए किसी प्रभावी और समयबद्ध योजना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

209. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जिले में बमरौली हवाई-अड्डे के सुधार और आधुनिकीकरण के लिए उठाये जाने वाले प्रस्तावित कदमों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

210. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि पंजाब समझौता (राजीव-लोंगोवाल समझौता) को लागू करने का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

211. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश के अनेक क्षेत्रों में पेयजल की विकट स्थिति का समाधान करने के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले प्रस्तावित कदमों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

212. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश में ग्रामीणों के पलायन को रोकने की आवश्यकता के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

213. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में शहरी क्षेत्रों में अबाध गति से बढ़ रही गन्दी बस्तियों को

रोकने के लिए उठाये जाने वाले कदमों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

214. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में अश्लील और भद्दे तथा कामोत्तेजक पोस्टरों के सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किये जाने से रोकने हेतु किसी योजना के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

215. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश के सरकारी कामकाज में अंग्रेजी भाषा को जो उपनिवेशवाद की प्रतीक और विदेशी भाषा है, समाप्त करने की किसी योजना के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

216. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में चीन द्वारा अनाधिकृत रूप से अपने कब्जे में ली हुई भारत की भूमि को वापस लेने की किसी योजना तथा इस सम्बन्ध में संसद द्वारा पारित 1962 के संकल्प को कार्यान्वित करने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

217. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में दहेज प्रथा के उन्मूलन के लिए किसी समयबद्ध योजना के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

218. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में रुग्ण-उद्योग को पुनरुजीवित करने की किसी योजना का उल्लेख नहीं किया गया है।"

219. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में केन्द्रीय सरकार के पेंशनभोगियों की दशा में सुधार लाने के लिए किसी योजना का उल्लेख नहीं किया गया है।"

220. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में किसानों से अधिगृहित की गयी भूमि के लिए उन्हें उचित मुआवजा प्रदान करने की किसी योजना का उल्लेख नहीं किया गया है।"

221. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति की प्रक्रियाओं से उत्पन्न असन्तोष के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

222. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में सरकार में फिजूलखर्ची को रोकने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"

223. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आम आदमी को सस्ता और जल्द न्याय दिलाने की किसी योजना का उल्लेख नहीं किया गया है।"

224. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आय और व्यय की अधिकतम सीमा निर्धारित किये जाने की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया गया है।"

225. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाए, अर्थातः—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में उच्च-स्तरों पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने में सरकार की असफलता तथा उसमें इच्छाशक्ति का अभाव होने के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है और न ही लोकपाल नियुक्त करने का कोई उल्लेख है।"

226. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में विदेशी-कर्जों के भुगतान के संबंध में सरकार के लगातार बढ़ते जा रहे दायित्व के बारे में उल्लेख नहीं किया गया है।"

227. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में काले धन तथा भारतीयों द्वारा विदेशी-बैंकों में जमा करायी गयी धनराशि का पता लगाने तथा दोषी व्यक्तियों को दंडित करने में सरकार की विफलता का उल्लेख नहीं किया गया है।"

228. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में कृषि को उद्योग का दर्जा दिये जाने की मांग का उल्लेख नहीं किया गया है।"

229. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाए, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में मुद्रा-स्फीति, बेरोजगारी और कृषि के बारे में घिसी-पिटी बातों के अलावा इस संबंध में कोई सकारात्मक कदम उठाये जाने का उल्लेख नहीं किया गया है।"

230. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में साम्प्रदायिक और अंधराष्ट्रवादी ताकतों की गतिविधियों को, जो देश की धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा उत्पन्न कर रही है, रोकने के लिए उठाये जाने वाले कदमों का उल्लेख नहीं है।"

231. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में जम्मू-कश्मीर की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार द्वारा उठाये जाने वाले ठोस कदमों का उल्लेख नहीं है।"

232. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में यह आश्वासन नहीं दिया गया है कि सरकार संविधान के अनुच्छेद 356 के उपबंधों का दुरुपयोग नहीं करेगी, जैसा कि हमारे देश में पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है।"

233. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए मूल्यों विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं के मूल्यों को कम करने के लिए उठाये जाने वाले प्रभावी कदमों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

234. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में प्रतिभूति घोटाले में लिप्त व्यक्तियों को सजा दिलवाने की कार्यवाही का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

235. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश से निरक्षरता को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।"

236. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश में 14 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे/बच्चियों को अनिवार्य तथा निःशुल्क शिक्षा दिये जाने की किसी योजना का कोई उल्लेख नहीं है।

237. प्रस्ताव के **अंत** में निम्नलिखित **जोड़ा** जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में देश से बाल-मजदूरी को समूल-समाप्त करने की किसी योजना का कोई उल्लेख नहीं है।"

238. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में खाद्यान्नों में मिलावट को रोकने के लिये उठाये जाने वाले किन्हीं ठोस कदमों का कोई उल्लेख नहीं है।"

239. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में हवाला काण्ड की चर्चा का उल्लेख नहीं है।"

240. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में गरीबी उन्मूलन करने का कोई उल्लेख नहीं है।"

241. प्रस्ताव के अंत में निम्नलिखित जोड़ा जाये, अर्थात:—

"किन्तु खेद है कि अभिभाषण में उन कदमों के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है जिन्हें सरकार आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते हुए मूल्यों के विरुद्ध उठाने का विचार रखती है।"

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Amendment Nos. 242 to 244 are in the name of Shri Dipankar Mukherjee.

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (WEST BENGAL): Sir, I beg to move:

242. That at the *end* of the motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about liquidation order of PSU Bharat Opthaimic Glass Ltd. Durgapur, the only import substitution unit of its kind in India".

243. That at the *end* of the motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about winding up notice of PSUs like MAMC, BPMEL, Weight Bird, Reyrolle Burn, National Instruments; etc.

244. That at the *end* of the motion, the following be *added* namely:—

"but regret that the Address does not mention about violation of statutory acts like Payment of Wages Act, Payment of Gratuity Act, etc. by Government of India in CPSUS."

The Questions were proposed.

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा): उपसभाध्यक्ष जी, मैं अप्रैल 1991 में राज्यसभा में आई थी। तब से लेकर आज तक महामहिम राष्ट्रपति जी के 6 अभिभाषणों को मुझे देखने और पढ़ने का मौका मिला और यह संयोग है कि छहों के छहों अभिभाषण इसी सरकार के कार्यकाल से संबंधित थे। पहला अभिभाषण जुलाई, 1991 में पढ़ा गया क्योंकि जून 1991 में यह सरकार आई थी। उसका आखिरी पैराग्राफ मैं आपके सामने पढ़ना चाहूंगी। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा था कि:

"संकट की इस घड़ी में संसद के इस सत्र का एक विशेष महत्व है। आपको नेतृत्व प्रदान करने के साथ-साथ मार्ग भी प्रशस्त करना है जिससे कि हमारे देशवासियों के मन में आत्मविश्वास उत्पन्न हो और वे राष्ट्र-निर्माण के कार्य में उत्साह जुट जाएं। आपके समक्ष एक मजबूत और खुशहाल भारत का निर्माण करने का ऐतिहासिक कार्य है, पर ऐसा भारत जहां सहृदयता हो, ऐसा भारत जहां सामाजिक समरसता और साम्प्रदायिक सौहार्द हो, एक ऐसा भारत जहां गरीबी समाप्त हो चुकी हो, एक ऐसा भारत जो समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित हो।

मैं आपकी सफलता की कामना करता हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, अब जब इस सरकार का कार्यकाल समाप्त हो रहा है तो इस अंतिम अभिभाषण में मुझे यह उम्मीद थी कि राष्ट्रपति जी इस कसौटी पर खरे उतरेंगे और जो उम्मीद उन्होंने 1991 में जगाई थी, मुझे लगता था कि पूरे पांच साल के कार्यकाल के लेखा-जोखा इस अभिभाषण के माध्यम से देश के सामने रखा जाएगा। साथ ही यह भी लगता था कि राष्ट्रपति जी का यह अभिभाषण अपेक्षाकृत लम्बा होगा। लेकिन मुझे हैरानी हुई यह देखकर कि यह अभिभाषण पिछले 6 अभिभाषणों में सबसे छोटा है। मैंने घर जाकर पांचों पुराने अभिभाषणों को निकाला तो पाया कि सन 1991 के अभिभाषण में 61 पैराग्राफ थे, सन 1992 के अभिभाषण में 54 पैराग्राफ थे, 1993 के अभिभाषण में

51 पैराग्राफ थे, 1994 के अभिभाषण में 63 पैराग्राफ थे और 1995 के अभिभाषण में 50 पैराग्राफ थे लेकिन इस 1996 के अभिभाषण में केवल 41 पैराग्राफ हैं। लग रहा था कि यह अभिभाषण कुछ लम्बा होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार की इस बारे में कोई दिलचस्पी नहीं है। राष्ट्रपति का अभिभाषण संयुक्त अधिवेशन में होना ही है इसलिए रस्म-निभाई के लिए एक छोटा सा भाषण बनाकर राष्ट्रपति जी के हाथ में पकड़ा दिया और हिन्दी और अंग्रेजी में 20-20 मिनट का यह भाषण राष्ट्रपति महोदय से पढ़वा दिया और लोग अपने घरों में चले जायें तथा समारोह समाप्त हो जाए। महोदय, आप भी उस समारोह में उपस्थित थे। वहां पर एक अजीब माहौल था, एक अब्रेप्टनेस का एहसास था, मायूसी का वातावरण था। वहां पर लोगों की आंखों में सवाल चल रहे थे और अपनी-अपनी कुर्सी पर बैठे हुए हम लोग सोच रहे थे कि राष्ट्रपति महोदय अपने अभिभाषण में समस्याओं को कैसे लेंगे और कैसे उनका उत्तर देंगे। यह उत्सुकता लेकर हम लोग वहां बैठे थे। लेकिन मुझे हैरानी हुई यह देखकर कि विदेश नीति के 9 पैराग्राफ पढ़कर राष्ट्रपति जी ने अचानक जयहिन्द कर दिया। घर जाकर मुझे लगा कि शायद कुछ सुनने में रह गया हो, इसलिए इस अभिभाषण को पुनः पढ़ा लेकिन जब अभिभाषण को मैंने पुनः पढ़ा तो मुझे और ज्यादा निराश हाथ लगी। मैं यह मानती हूं कि राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार का एक नीतिगत दस्तावेज होता है, वह सरकार की उपलब्धियों का ब्यौरा होता है, सरकार की भावी कार्यक्रमों का रेखांकन होता है। लेकिन क्षमा करें, जब मैंने उस अभिभाषण को बार-बार उलटा-पुलटा तो मुझे यह अभिभाषण असत्य और अर्ध-सत्य का पुलिंदा प्रतीत हुआ। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में एक विश्वसनीयता होनी चाहिए। यह ठीक है कि इसको बनाने में उनकी कोई भूमिका नहीं होती। उसको सरकार बनाती है, कैबिनेट पास करती है और राष्ट्रपति पढ़ देता है। लेकिन कम से कम उसकी कोई विश्वसनीयता तो होनी चाहिए ताकि जब वह अखबारों में छपे, समाचार-पत्रों में प्रकाशित हो तो देश उसे स्वीकारे कि हां, जो कुछ सरकार ने राष्ट्रपति जी से प्रमुख से कहलवाया है उसके पीछे कोई सत्यता है, उसके पीछे कोई सच्चाई है। लेकिन मैं हैरान हूं। मैं पहले 4 पैराग्राफ की एक-एक लाइन पहले पढ़ना चाहूंगी। पैराग्राफ 4 से 6 में सरकार की मुख्य उपलब्धियों का वर्णन है।

आप बताइये, क्या आप इस पर विश्वास करेंगे? क्या सदन इस पर विश्वास करेगा? क्या देश की जनता इस पर विश्वास करेगी? दावा किया गया है कि देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रही। दावा किया गया है कि आतंकवाद तथा विद्रोही ताकतों पर काबू पा लिया गया है। दावा किया गया है कि अलगाववादी प्रवृत्तियों को काफी हद तक नियंत्रित कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर में स्थिति में स्पष्ट सुधार आया है। केवल यह चार लाइनें पढ़ी है। केवल चार पंक्तियों में मैं यह पूछना चाहती हूं कि इन चारों पंक्तियों में से कौन सी पंक्ति कौन सी पंक्ति पर देश की जनता विश्वस करेगी? आप कहते हैं कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार और नियंत्रण आया है। अरे, आपकी नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट कहती है कि देश में होने वाले हर अपराध की संख्या में वृद्धि हुई है। नेशनल क्राइम ब्यूरो की रिपोर्ट विपक्ष नहीं छापता है, स्वयं सरकार छापती है। इसी दिल्ली में देश की राजधानी में एक के बाद एक 6 बम विस्फोट हुए है। केवल डेढ़ महीना हुआ है पांच जनवरी को अभी डोडा में एक ही समुदाय के लोगों से निकालू को कतार में खड़े हो कर गोलियों में भून दिया गया। अभी एक सप्ताह हुआ है जब दिल्ली के अन्दर बार्डर से आई हुई हथियारों की खेप पकड़ी गई है। आप दावा करते हैं कि कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार आ गया है। आप दावा करते हैं कि आतंकवाद और विद्रोह पर काबू पा लिया गया है। यही नहीं कि यह घटनाएं घटीं, इन घटनाओं की चुनौतियां दी गई? उन चुनौतियों को सरकार ने सुना नहीं। सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। जहां तक डोडा की घटना का ताल्लुक है मैं साझी हूं, मेरी पार्टी ने नेता ने 6 पत्र लिखे पी०एम०ओ० को, स्वयं श्री नरसिंह राव जी को संबोधित कर के पत्र लिखे। पी०एम०ओ० में श्री भुवनेश चतुर्वेदी जी को पत्र लिखे, आगाह किया कि यह-यह चीजें वहां हो रही हैं, बड़ी भयानक घटनाएं डोडा में होने वाली हैं। कहा गया कि पुराना रिपीट होगा, पुरानी चीजें दोहराई जाएंगी, वहां लोगों को घरों से निकाल कर मारा जाएगा, कतार में खड़ा कर के मारा जाएगा। वह पत्र हमारे पास हैं। उन पत्रों को एक्नोलेज तक करने की कर्टसी, शिष्टाचार नहीं दिखाया गया। आखिरी पत्र में आपको बताऊं, 30 दिसम्बर को लिखा गया। पांच जनवरी को यह घटना हुई। 30 दिसम्बर को मेरी पार्टी आगाह करती है आपके प्रधानमंत्री को कि इस तरह की घटनाएं होने वाली हैं। 6 जनवरी को डोडा में घटना घट जाती है लेकिन 30 दिसम्बर के पत्र का कोई

आदमी उत्तर तक नहीं देता, उसके ऊपर कार्यवाही करने की बात तो दूर रही। जहां तक दिल्ली में हथियारों के खेप आने का सवाल है, ज्वाइंट इंटेलीजेंस कौंसिल, संयुक्त इंटेलीजेंस कौंसिल के लोगों ने लिख कर आगाह किया और कहा कि इस तरह के हथियार दिल्ली के अन्दर आने वाले हैं लेकिन किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। इसलिए मैं कहना चाहती हूं कि इस सरकार ने एक चीज़ बांध कर रखी है, एक बहाना और जवाब तैयार कर रखा है जब भी कोई घटना आतंकवाद की घटेगी, जब भी कोई घटना हथियार लाने की घटेगी, एक रटा-रटाया जवाब दे देंगे कि इसमें पाकिस्तान का हाथ है। यही जवाब डोडा की घटना के बाद मिला था। केवल कांग्रेस के प्रवक्ता ने नहीं, सरकारी प्रवक्ता ने भी यही जवाब दिया था। यही जवाब दिल्ली में हथियारों की खेप पकड़े जाने के बाद किसी और वयक्ति ने नहीं सरकार के अपने होम सेक्रेटरी श्री के॰ पदमनाभैया ने बयान दे कर कहा था कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ है। आज गृह मंत्री महोदय बैठे हुए हैं। मैं पूछना चाहती हूं गृह मंत्री महोदय से कि पाकिस्तान का हाथ तो जरूर होगा, हमें भी मालूम है कि पाकिस्तान का हाथ है मगर गृह मंत्री महोदय हाथ के चुनाव चिन्ह पर जीत कर आई हुई इस सरकार के हाथ कहां है या नहीं है। मैं पूछना चाहती हूं आपसे कि यह सरकार किसी काम के काबिल है या यह हाथ केवल सूटकेस पकड़ने की क्षमता रखते हैं? क्या यह हाथ अपराध रोक सकते हैं? क्या यह हाथ अपराधियों को पकड़ सकते हैं? यह हाथ दोनों चीज़ों में नाकाम है, न यह अपराध रोक सकते हैं और न यह अपराधियों को पकड़ सकते हैं। हां, यह हाथ अपराधियों के भागने के बाद मलने के काम जरूर आते हैं। आज गृह मंत्री महोदय बैठे हुए हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं। बम्बई बम कांड हुआ बड़ा बम कांड हो गया, एक साथ 13-13 जगहों पर बम विस्फोट हो गया, बम्बई के अन्दर तहलका मच गया, देश की आर्थिक राजधानी झकझोर दी गई लेकिन बम्बई बम कांड का प्रमुख अभियुक्त दाऊद इब्राहीम दुबई भाग कर चला गया, सरकार हाथ मलती रह गई। मैं पूछना चाहती हूं उसकी बम कांड का दूसरा अभियुक्त टाइगर मैमन आज कहां है? टाइगर मैमन कराची में है, सरकार हाथ मलती रह गई। मैं पूछना चाहती हूं चरारेशरीफ को आग लगा कर मस्तगुल भाग गया। आज वह मस्तगुल कहां है? वह मस्तगुल लाहौर में है, सरकार हाथ मलती रह गई।

मैं पूछना चाहती हूं कि बोफोर्स कांड का सबसे प्रमुख अभियुक्त इटली का ओटावियो? कोत्रोची आज कहां है। कोत्रोची आज इटली में है। कोत्रोची भाग गया सरकार हाथ मलती रह गयी। पुरुलिया के विमान का मुख्य चालक, मुख्य अभियुक्त किम डेवी हथियार डालकर चला गया। कहां चला गया? नेपाल होते हुए किम डेवी आज कराची पहुंच गया है सरकार हाथ मलती रह गयी इसी तरह से रैडी कोलम्बो पहुंच गया है सरकार हाथ मलती रह गयी। यह है आपके कानून और व्यवस्था की पोल और आप दावा करते हैं राष्ट्रपति अभिभाषण में कि कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार आया है, आतंकवाद और विद्रोह पर काबू पा लिया गया है। जबकि हकीकत यह है कि न आप अपराध रोकने में कामयाब हुए हैं न आप अपराधियों को पकड़ने में कामयाब हुए हैं। अपराधी अपना काम करके सरेआम सुरक्षित चले जाते हैं और अगर कोई दूसरी सरकार पकड़ लेती है तो आपसे वापस भी नहीं ले आए जाते हैं।

गृह मंत्री जी, मेरा दूसरा सवाल है आपसे कि दाउद इब्राहीम का भाई अनीस इब्राहीम इंटरपोल की मदद से बहरीन में गिरफ्तार किया गया मगर आपकी सी॰बी॰ आई॰ के अफसरों को बैरंग लौटना पड़ा। वहां भी सरकार हाथ मलती रह गयी। पकड़े गए अपराधी को हिन्दुस्तान लाने का काम आप नहीं कर सके और आप दावा करते है कि कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार आया है।

आपका दूसरा दावा है कि अलगाववादी प्रवृतियों पर नियंत्रण पा लिया गया है। अलगाववादी प्रवृत्तियों पर नियत्रण पाने का काम बुरकीना फासो की घोषणा से नहीं होता है। गृह मंत्री जी हम बार बार कहते रहे कि कश्मीर का मसला द्विपक्षीय वार्ता से हल होगा, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण मत करो। पाकिस्तान के खिलाफ हम लोगों ने इस बात का मुद्दा हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाया कि हम इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं होने देंगे। लेकिन हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री को हिन्दुस्तान की सरजमीन रास नहीं आई। उन्होंने जाकर एक विदेशी भूमि का सहारा लिया और वहां से देश के नाम एक संदेश भेजा। क्या संदेश था। अगर जम्मू काश्मीर की विधान सभा जम्मू काश्मीर के राज्यपाल के सदरे रियासत कह दे, अगर जम्मू काश्मीर की विधान सभा प्रस्ताव पारित करके वहां के मुख्य मंत्री को वजीरे आजम कह दे तो हमें कोई आपत्ति नहीं होगी। मैं पूछना चाहती हूं कि बुरकीना फासो से की गयी प्रधान मंत्री की यह घोषणा

अलगाववादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देगी या अलगाववादी प्रवृत्तियों को काबू में करेगी, नियंत्रण में करेगी? अरे, पहले से वहां धारा 370 मौजूद है। जब भी कोई दूसरा बागी संगठन आपसे बात करने के लिए आता है वह कहता है हमको धारा 370 जैसा स्पेशल स्टेट्स दीजिए। आप कहते है संविधान की परिधि में वार्ता करने की बात की गयी थी, धारा 370 की बात क्यों करते हो तो वे संविधान खोलकर दिखाते हैं आपको और कहते हैं कि धारा 370 आपके संविधान में मौजूद है। आज आप पैंडोरा बाक्स खोल रहे हैं। उस धारा 370 के आगे जाकर आप इन आतंकवादियों को कह रहे है यदि वहां सदरे रियासत कह दिया जाए, यदि वहां वजीरे आजम कह दिया जाए यानी एक देश में यदि दो राष्ट्रपति और दो प्रधान मंत्री हो जाएं तो आपको कोई आपत्ति नहीं होगी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमने सोचा था 90 करोड़ के देश के प्रधान मंत्री हैं, दलगत राजनीति अलग रहती है, विचारधाराओं के मतभेद अलग रहते हैं लेकिन काश्मीर जैसे मसले पर मेरी पार्टी के नेता ने जाकर अगुवाई की, नेतृत्व किया और जेनेवा के प्रतिनिधिमंडल में भारत की साख बचाकर लौटे। 90 करोड़ के देश के प्रधान मंत्री के पीछे पूरा देश खड़ा है। हमने कहा था कि आतंकवादियों से आंखें तरेरकर बात कीजिए प्रधान मंत्री जी, पूरा देश आपके साथ खड़ा है, सारे राजनीतिक दल आपके साथ खड़े हैं लेकिन हमें मालूम नहीं था कि 90 करोड़ के देश के प्रधान मंत्री की रीढ़ की हड्डी नहीं है, वे बजाए आतंकवादियों से आंखें तरेरकर बात करने के उनके आगे आत्मसमर्पण करेंगे और किसी दूसरे देश की भूमि से यह घोषणा करेंगे कि यदि वहां सदरे रियासत या वजीरे आजम कह दिया जाए तो उन्हें किसी तरह की कोई आपत्ति नहीं होगी। यह अलगाववादी प्रवृत्तियों को बढ़ाने वाली घोषणा थी। लेकिन अभिभाषण में दवा किया गया कि अलगाववादी प्रवृत्तियों को नियंत्रित कर लिया गया है।

उपसभाध्यक्ष जी, तीसरी बात यहां पुरुलिया के बारे में कही गयी। मैं हैरान हूं। लिखा है पुरुलिया जिसे में हथियार गिराए जाने की घटना से यह आवश्यक हो गया है कि सतर्कता निरंतर बरती जाए। यानी इससे पहले आवश्यक नहीं था। अरे, सतर्कता के साथ तो निरंतरता जुड़ी हुई। मतलब है कि पहले इंटरवल्स में सतर्कता बरतने की नीति थी और अब आप कह रहे हैं कि सतर्कता निरंतर बरती जाए यह आवश्यक हो गया है। यानी पुरुलिया के बाद यह जरूरी लगा कि सतर्कता निरंतर बरती जानी चाहिए वरना सतर्कता इंटरवल्स पर बरती जा रही थी। एक विदेशी जहाज आए, विदेशी चालक बैठकर आए, विदेशी मेक के हथियार आएं और खेपें गिराकर चला जाए, यह क्या है मैं पूछना चाहती हूं एक जगह से उड़े और पूरे हिन्दुस्तान का चक्कर काटकर चला जाए। जगह जगह हवाई अड्डों पर उतरे, वहां से ईंधन भरवाए, फिर उड़े, फिर आगे चला जाए और जहां उतरे वहां भी उतरकर कह कि मुझको टैक्स देने जाना है, इसके लिए टैक्स देने चला जाए और फरार हो जाए। यह कैसी सुरक्षा है देश की?

मैं पूछना चाहती हूं, आप कानून और व्यवस्था की बात करते हैं, क्या कानून और व्यवस्था का मसला आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा हुआ नहीं है? कानून और व्यवस्था का दावा किस उस पर करती है, सरकार, बाकी तो आप कहते है कि लॉ एंड आर्डर स्टेट का सब्जैक्ट है। तो वाकई लॉ एंड आर्डर स्टेट का सब्जैक्ट है। कानून और व्यवस्था का जिक्र जब हिन्दुस्तान की सरकार करती है तो केवल आंतरिक सुरक्षा के संदर्भ में करती है और आपकी आंतरिक सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी है। पुरुलिया के इस कांड ने, जहां लोग आते हैं, हथियार डाल कर चले जाते है और आपको खबर तक नहीं होती, आपको पता तक नहीं होता। आपके सेक्रेटरी वैस्ट बंगाल की गवर्नमेंट को जब उनको यह भेजना, है, उनको यह पता चल गया, पहले से पता चल गया कि ऐसा होने वाला है, जैसे मैंने डोडा का जिक्र किया, जैसे मैंने दिल्ली का जिक्र किया। डोडा में हमने आगाह किया, दिल्ली के हथियारों के लिए जे०आई०सी० की मीटिंग, ज्वाइंट इंटेलीजेंस कौंसिल ने आगाह किया, यहां भी आगाह कर दिया गया था। लेकिन आगाह करने वाला वह पत्र जब वेस्ट बंगाल गवर्नमेंट को भेजा जाता है तो रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजा जाता है। यह है इस सरकार की सतर्कता। बाकी कोई साधन नहीं बचे। अगर इसकी सीक्रेसी और गोपनीयता बरकरार रखनी थी तो क्या कुरियर के माध्यम से भेजा नहीं जा सकता था। यह थी उस एजेंसी की लिमिट आप लोगों के सामने कि आप उसको रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजते है। सुख राम जी बैठे नहीं है जो डाक विभाग की सब से देरी की सब से विलंबित सेवा है उस रजिस्टर्ड पोस्ट से आप भेजते हैं। यह है आपकी आंतरिक सुरक्षा का मतलब, यह है आपकी कानून और व्यवस्था का दावा? मैं पूछना चाहती हूं दो शब्द केवल लिख करके, दो वाक्य लिख करके

आपने पुरुलिया पर इतिश्री कर ली अपनी बातों की और यह कह दिया कि उन तत्वों का पता लगाया जा रहा है। 16 दिसंबर की घटना है गृह मंत्री जी और आज 28 फरवरी है। मैं पूछना चाहती हूं, इन तत्वों का पता लगाने में कितना समय लगेगा? आज तक आपको यह पता नहीं कि ये हथियार किसने भेजे। आज तक आपको यह पता नहीं ये हथियार किसके लिए भेजे गए और आप यहां दावा करते हैं कि कानून और व्यवस्था की स्थिति अच्छी है, आतंकवाद और विद्रोह पर काबू पा लिया गया है। मैंने प्रारंभ में कहा था कि यह असत्य और अर्धसत्य का पुलिंदा है। इस असत्य की शुरुआत उपसभाध्यक्ष जी, प्रारंभिक पैराग्राफ से होती है। उसके बाद लिखते हैं पैराग्राफ 4 में जम्मू-काश्मीर में राजनीतिक गतिविधियों को बहाल करना संभव हो गया है, क्योंकि संसद् में 1995-96 में संतुलित बजट पारित किया और पिछले कई वर्षों के बाद यह आशा की जा रही है कि योजनागत परिव्यय को पूरी तरह से विकास योजनाओं पर व्यय किया जाएगा। मैं पूछना चाहती हूं, यह सवाल भी मेरा गृह मंत्री जी से है कि आज तक इस बजट को किस पर खर्च किया जा रहा था? अरबों-अरबों का बजट इस संसद् ने पारित किया है जम्मू-काश्मीर के लिए गृह मंत्री महोदय, लेकिन कभी आपने सर्वेक्षण किया है कि वह पैसा किस योजना पर खर्च किया गया, कितने किलोमीटर रोड बनी, कौन सा इनफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया गया? अगर जम्मू-काश्मीर में अरबों रुपयों से विकास किया जाता उपसभाध्यक्ष जी, आज जम्मू-काश्मीर सब से ज्यादा विकसित प्रदेश होता। आप तो शामिल रहे हैं अरबों रुपयों का बजट यह संसद् यहां से पास करती रही है, मुझे दुख है यह कहते हुए कि उस पैसे का 60 फीसदी से ज्यादा टैरोरिस्टों के हाथ में लगता है, आतंवादियों के साथ में पहुंचता है। आपकी नीचे की नौकरशाही टैरोरिस्टों से मिली हुई है, आपके नीचे की पुलिस टैरोरिस्टों से मिली हुई है और हर दूसरे दिन यह खबर आती है बैंक लूट लिया गया, सरकारी खजना लूट लिया गया, तो मिली-भगत के माध्यम से कहिए या लूट के माध्यम से कहिए, यह पैसे का 60 फीसदी से ज्यादा आज भी टैरोरिस्टों के पास जा रहा है। अच्छा होता यदि इस बजट का कुछ हिस्सा आपने उन लोगों को राहत देने में खर्च किया होता जो अपना घर-बार छोड़ करके जम्मू और दिल्ली के तंबुओं में नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जिनके यहां 10×10 के टुकड़े, इस्पात के टुकड़े लगा करके जिनके यहां कैबिन बने हुए हैं, जहां बच्चियों को कपड़े बदलते हुए शर्म आती है, घर के 7-7 लोग उस 10×10 के कमरे में रह रहे हैं। सारे लोगों को बाहर निकल करके लड़कियों को कपड़े बदलने पड़ते हैं। उस नारकीय जीवन व्यतीत करने वाले उन शरणार्थियों पर अगर आपने यह पैसा खर्च किया होता तो अच्छा लगाता। अगर वहां आतंकवाद से लड़ने के लिए आपने यह पैसा खर्च किया होता तो हमें अच्छा लगता। लेकिन यह पैसा न रिलीफ के लिए खर्च किया गया, यह पैसा न आतंकवाद से लड़ने के लिए खर्च किया गया। अगर आपने यह पैसा जम्मू-काश्मीर में विकास करने के लिए भी खर्च किया होता तो हमें यह अच्छा लगता। न यह पैसा वहां विकास करने के लिए खर्च किया गया। तो मैं आपसे पूछना चाहती हूं आज आप यह आशा व्यक्त कर रहे हैं कि यह विकास योजनाओं पर ही व्यय किया जाएगा तो इस आशा के पीछे कौन सी नीति है, इस आशा के पीछे कौन सी उम्मीद और कौन सा तर्क है जिसके कारण आप यह आशा व्यक्त कर रहे हैं? इसके साथ ही आप यह कहते हैं कि वहां राजनीतिक गतिविधियों को बहाल करना संभव हो गया है। संभव हो गया है, गृह मंत्री जी, यह मैं पूछना चाह रही हूं आपसे, संभव हो गया है और यह पिछली बार जब आपने चुनाव की बात की थी, चीफ इलैक्शन कमिश्नर वहां मीटिंग लेने के लिए गए थे और चीफ इलैक्शन कमिश्नर ने आकर बयान दिया था उपसभाध्यक्ष महोदय, कि जब उन्होंने चुनावी मशीनरी के लिए अफसरों को बुलाया तो एक भी रिटर्निंग आफिसर नहीं आया। यह बात सुषमा स्वराज नहीं कह रही है, यह बात शेषन ने सार्वजनिक रूप से कही है। एक रिटर्निंग आफीसर नहीं आया, केवल तीन असिस्टेंट रिटर्निंग आफीसर आए। आप जानते होंगे मंत्री जी० कि किसी भी जगह चुनाव कराने से पहले की एक पूर्व शर्त होती है—वहां भयमुक्त वातावरण निर्मित करना। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल भयमुक्त वातावरण में किए जा सकते हैं ताकि जनता वहां निर्भय होकर के मतदान कर सके। क्या आप यह दावा कर सकते हैं कि आज कश्मीर की घाटी में भयमुक्त वातावरण पैदा हो गया है? क्या यह सच नहीं है कि जो बात कल तक श्रीनगर की घाटी तक सीमित थी, वहीं डोडा, ऊधमपुर जिले भी आज इसकी लपेट में आ गए हैं? यहां तक कि जम्मू भी आतंकवाद से अभी बचा हुआ नहीं है। आप राजनैतिक गतिविधियां बहाल करने की बात करते हैं। क्या आप समझते हैं कि जो तमाम लोग आज वहां से यहां आ गए हैं अपना

घर-बार छोड़कर, वह अपने किसी कारण से आए हैं? नहीं, सरकार के निकम्मेपन के कारण उन्हें अपने ही देश में शरणार्थी होना पड़ा है। विश्व की किसी भी दूसरी जगह आपको यह मिसाल नहीं मिलेगी। यहां किसी एक जगह से खदेड़ भी दिए गए तो दूसरे देश में चले गए, यह तो मिसालें होंगी, लेकिन अपने ही देश में शरणार्थी होकर दूसरी स्टेट में आ जाएं, ऐसी मिसाल आपको कहीं नहीं मिलेगी। यह इस निकम्मी सरकार के कार्यकाल में हुआ है। आप समझते हैं कि उनको अपने घरबार से तो वंचित कर दी दिया गया, उनको अपनी माल संपत्ति से तो वंचित कर ही दिया गया, अब उन्हें अपने वोट के अधिकार से भी वंचित कर दिया जाए? जब तक यह लोग वापस नहीं जाते और जब तक वहां भयमुक्त वातावरण का निर्माण नहीं होता, आप कैसे कह सकते हैं कि वहां राजनैतिक गतिविधियां बहाल करने का वातावरण पैदा हो गया है, संभव हो गया है? आखिरकार देश को मालूम तो पड़े। हमारा देश जानना चाहेगा आपसे कि संभव हो गया है, यह किस आधार पर कहा है? चीफ इलैक्शन कमीशनर आकर आपको रिपोर्ट देते हैं कि मशीनरी तैयार नहीं है चुनाव लड़वाने के लिए और आप राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में दावा करते हैं कि यह संभव हो गया है। हम जानना चाहेंगे कि यह संभव हो गया है, किस आधार पर हो गया है?

इसी तरह उपसभापति जी, पूर्वोत्तर क्षेत्र के आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने की बात जो की गई है, पूर्वोत्तर परिषद का जो जिक्र किया गया है, मैंने तो इस पूर्वोत्तर परिषद के कामकाज को बहुत नजदीक से देखा है। क्या आप इस चीज को नहीं मानेंगे कि जितना पैसा आप पूर्वोत्तर के विकास के लिए भेजते हैं, उसमें से 10 फीसदी पैसा भी पूर्वोत्तर के विकास पर खर्च नहीं होता बल्कि वह पैसा नौकरशाही की जेब में चला जाता है, वह पैसा ठेकेदारों की जेब में चला जाता है। इससे केवल पूर्वोत्तर ही अविकसित नहीं होता बल्कि पूर्वोत्तर के विभिन्न क्षेत्रों में बगावत के बीज पैदा होते हैं, बगावत के अंकुर फूटते हैं, सशस्त्र बागी खड़े होते हैं। यही वजह है कि कभी एन०एस०सी०एन० बात करता है तो कभी टी०यू०जे०एस० बात करता है, कभी नागा-कूकी के झगड़े आपस में होते हैं। आपने एक बात कही कि आपने कारबी अंगलांग और उत्तरी कछार पहाड़ियों को ज्यादा शक्तियां प्रदान की है। मैं पूछना चाहूंगी कि आप जो इन दो ट्राइबल कौंसिल को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने का दावा करते है, लेकिन पूर्वोत्तर में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करने का जो कुकर्म इस सरकार ने किया है, उसके बारे में आपको क्या कहना है? उसके बारे में यह अभिभाषण क्या कहता है? बार बार मणिपुर की सरकार बदली जाती है। केवल इसलिए कि आपके दल की सरकार वहां नहीं बनी और इसलिए आप वहां बार बार राजनैतिक अस्थिरता का वातावरण पैदा करते हैं। पूर्वोत्तर में बगावत के पीछे अगर कोई तथ्य पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं तो वे हैं वहां आपकी पार्टी के द्वारा आपकी सरकार के द्वारा पैदा की गई अस्थिरता का वातावरण और आपके द्वारा भेजे गए पैसे का विकास-कार्यों में खर्च न होकर भ्रष्टाचार की तरफ चले जाना। यही दो प्रमुख कारण हैं। क्या कभी आपने पूर्वोत्तर के इन दोनों कारणों पर सोचा है? यदि आप वाकई पूर्वोत्तर के पिछड़ेपन को दूर करना चाहते हैं, पूर्वोत्तर में राजनैतिक अस्थिरता के पिछड़ेपन को दूर कर वहां राजनैतिक स्थिरता लाना चाहते हैं तो इन दो चीजों की तरफ आपको ध्यान देना होगा, जिसके लिए यह अभिभाषण बिल्कुल चुप है।

उपसभापति जी, आगे पैराग्राफ 8 से लेकर 10 तक आर्थिक परिदृश्य के पैराग्राफ हैं। जब जगेश देसाई जी खड़े हुए, चूंकि वह अर्थशास्त्र के विशेषज्ञ हैं इसलिए बाकी चीजों पर बहुत थोड़ा एक दो वाक्य की टिप्पणी करके उन्होंने सीधे आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा शुरू की। उन्हें लगा, शायद आर्थिक परिदृश्य के दावे ऐसे हैं, जिसके माध्यम से वह पूरे सदन को साथ ले सकेंगे और अपनी सरकार के कार्यकाल की अच्छी टिप्पणी कर सकेंगे। लेकिन, जगेश जी मैं आपसे पूछना चाहूंगी इन पैराग्राफ के आंकड़ों के बारे में पहला आंकड़ा 1994-95 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हुई 6.3 प्रतिशत की। मैंने कहा था कि यह अभिभाषण असत्य और अर्ध-सत्य का पुलिन्दा है। यहां तक राजनैतिक परिदृश्य का सवाल था असत्य से भरा हुआ था यह अभिभाषण और अब अर्धसत्य प्रारंभ हो गया है। यह ठीक है कि सकल घरेलू उत्पादन 6.3 फीसदी हो गया है, लेकिन आपने इसमें कहा कि काफी तेजी से वृद्धि हुई है। जगेश जी, आप जानते हैं कि जब यह सरकार आई थी तो सकल घरेलू उत्पादन कितना था? 5.6 फीसदी था। अब 5.6 फीसदी उस समय था जब यह सरकार आई थी और अब यह दंभ भर कर यह दावा कर रहे हैं कि 6.3 फीसदी हो गया। पांच सालों में .7 फीसदी की वृद्धि, यानी एक फीसदी भी नहीं, .7 फीसदी की वृद्धि, और आप दावा कर रहे हैं कि 6.3 फीसदी की वृद्धि काफी

तेजी से वृद्धि हुई है। तेजी से भी काम नहीं चल रहा था, काफी तेजी से वृद्धि हुई है यानी सुपरसोनिक स्पीडी वृद्धि हुई है। यह .7 प्रतिशत की वृद्धि जगेश भाई, यह सुपरसोनिक वृद्धि मानते हैं तो मुझे कुछ नहीं कहना। तथ्य यह है, हकीकत यह है कि जब यह सरकार आई थी तब 5.6 जीडीपी था और आज 6.3 प्रतिशत है, जबकि टारगेट 8.5 प्रतिशत का रखा था। यह नहीं लिखना चाहते कि 8.5 फीसदी के लक्ष्य के विरुद्ध 6.3 फीसदी की वृद्धि हुई। यह नहीं लिखेंगे कि 5.6 फीसदी से हम केवल 6.3 फीसदी तक पहुंचे हैं। अर्ध-सत्य बोलेंगे कि काफी तेजी से वृद्धि हुई है, सकल घरेलू उत्पाद 6.3 फीसदी हो गया। यह आपके पहले आंकड़े का मायाजाल था।

दूसरा आंकड़ा बताती हूं। इसमें पैराग्राफ 9 में लिखा है—चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में 24.17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ों का मायाजाल है। 24.17 प्रतिशत सच है, बिल्कुल सच है, लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि यह माल में वृद्धि हुई है या माल के मूल्य में वृद्धि हुई है? क्योंकि अगर डॉलर के विरुद्ध रुपये का मूल्य घट जाएगा तो जो 1000 रुपए के निर्यात की बात कर रहे हैं, वह अपने आप 1240 रुपए का हो जाएगा। इसलिए मैं पूछना चाहती हूं कि जहां 100 दरियों का निर्यात आप करते थे, वहां दरियों का निर्यात 124 हुआ है या नहीं? अगर माल के निर्यात में वृद्धि हुई है तब तो सफलता का आंकड़ा है, लेकिन मूल्य में वृद्धि हुई है, जिस कारण रुपए का अधोषित अवमूल्यन है, डालर के विरुद्ध रुपये की गिरती हुई कीमत है और उस माल के मूल्य की वृद्धि को दिखाकर यह सफलता का दंभ भरा जा रहा है, जो उचित नहीं।

इसी तरह तीसरा आंकड़ा उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति की वार्षिक दर अगस्त, 1991 में 17 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, परन्तु अब इसे नियंत्रित कर लिया गया है और यह चालू वर्ष में घटकर 5 प्रतिशत के आसपास आ गई है। बिल्कुल सच है, आंकड़ा एकदम सच है, 5 प्रतिशत तो आ गई, लेकिन जगेश भाई, क्या आप यह नहीं मानते कि सीवियर टाइट मनी पहले से इसका कारण रही है? जब आप बाजार में पैसा उपलब्ध हीं नहीं कराएंगे तो मनी कहां से आएगी। जब बाजार में पैसे की उपलब्धता नहीं होगी तो मनी घटेगी और मनी घटेगी तो इनफ्लेशन घटेगा। लेकिन, आप जानते हैं कि इसका असर अगले दो-तीन महीनों में होने वाला है। आप यह समझते हैं कि ठीक है, आगे जो सरकार आएगी वह अपने आप भुगतेगी क्योंकि उसको अपने अभिभाषण में लिखना पड़ेगा कि इनफ्लेशन की दर 5 प्रतिशत से बढ़कर इतने प्रतिशत हो गई है।...(**व्यवधान**)...

श्री अजीत जोगी: वह हमारी सरकार होगी। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: इसीलिए मैं आपसे कह रही हूं कि राजनैतिक परिदृश्य में जो असत्य था, आर्थिक परिदृश्य में वह अर्धसत्य है, यानि आंकड़े बिल्कुल सही है, लेकिन इन आंकड़ों के पीछे नियत क्या है? 5 प्रतिशत इनफ्लेशन बिल्कुल सही है, लेकिन अगर इतनी सीवियर टाइट मनी आप रखेंगे, बाजार में पैसा देंगे ही नहीं, तो बताइए क्या असर होगा? दो - तीन महीने के बाद आपको इसका असली असर पता चलेगा। तब आपको पता चलेगा कि इस सरकार ने वास्तव में इनफ्लेशन कम किया था या नहीं किया था।

इसी तरह पैरा 14 में लिखा गया है कि वर्ष 1994-95 में 19 करोड़ 20 लाख मीटरी टन खाद्यान्न का उत्पादन करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया। बिल्कुल ठीक है, खाद्यान्न का उत्पादन इतना ही हुआ है, लेकिन मैं पूछना चाहती हूं अजीत जोगी जी और जगेश जी से, जो यह बहुत ज्यादा दंभ भर रहे थे, वह बात तो बहुत पुरानी है, आप लाल गेहूं की बात कर रहे थे, तो क्या लाल गेहूं से सीधे आपकी सरकार आ गई? बीच में कोई सरकार नहीं आई? किसी ने कुछ किया नहीं? ...**व्यवधान**...

श्री अजीत जोगी: थोड़े दिनों के लिए आई। ...(**व्यवधान**)...

श्री जगेश देसाई: हमारे लीडर ने बीच में इंटरप्ट करने को मना किया है।(....**व्यवधान**)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं अपनी बात पूरी कर रही हूं। ....(**व्यवधान**)....आपकी ही सरकारें आई थीं ...(**व्यवधान**)...

श्री जगेश देसाई: फिर भी हम ही आएंगे। ....(**व्यवधान**)....

श्रीमती सुषमा स्वराज: लाल गेहूं से सीधे कुछ लोग मीटरी टन पर आ गए। अब मैं पूछना चाहती हूं खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ा यह सच है, लेकिन क्या प्रति व्यक्ति खाद्यान्न का उत्पादन कम नहीं हुआ है? आप बताइए। अरे, हिंदुस्तान का जो गरीब आदमी 60 ग्राम

दाल खाता था, जब आपकी सरकार आई 1990 में तो उस समय 40 ग्राम दाल खाता था और आज 33.8 ग्राम दाल उसके हिस्से में रह गई।

मैंने कहा कि यह अर्धसत्य है, पूरे आर्थिक परिदृश्य के पैराग्राफ अर्धसत्य से भरे हुए हैं। 37.8 ग्राम दाल एक व्यक्ति के हिस्से में आ रही है और आप जानते हैं कि गरीब के लिए प्रोटीन का एकमात्र माध्यम दाल है। आप खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ाते जाइए, क्या करेगा वह गरीब जब तक वह उस तक नहीं पहुंचेगा। आप करिए, करिए दावा कि हमारे यहां खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ गया लेकिन आपने गरीब को कितना खिलाया? गरीब को जो मिल रहा था, उससे कम मिल रहा है। मेटीरियल वह है, मेटीरियल यह नहीं है कि आपके बफर स्टॉक 5 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गया है।...व्यवधान....

श्री अजीत जोगी: केवल दाल की बात नहीं है, गेहूं और चावल का भी बता दीजिए कि वह बढ़ा है या नहीं?

श्रीमती सुषमा स्वराज: हां, बता रही हूं। एक ग्राम बढ़ा है...व्यवधान..

श्री वीरेन जे० शाह: जब आप बोल रहे थे, तब इन्होंने आपको डिस्टर्ब नहीं किया था, आप भी इन्हें डिस्टर्ब मत कीजिए।

श्री अजीत जोगी: उन्होंने मेरा नाम लिया था, इसलिए कहा है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: अगर और आंकड़े सुनना चाहते हैं तो केवल चावल में एक ग्राम की बढ़ोत्तरी है, शुगर 22 ग्राम गिरी है, टी भी 22 ग्राम गिरी है। 1990 में, जब आपकी सरकार थी, टी 612 ग्राम मिलती थी, आज 590 ग्राम रह गई है। केवल चावल में, पहले चावल 435.3 ग्राम मिलता था आज 436.6 ग्राम मिलता है। लेकिन यह बताइए कि चावल परोस देंगे और दाल परोसेंगे नहीं तो वह खाएगा कैसे? मैंने दाल की बात इसलिए की थी कि न्यूट्रिशियस फूड में दाल है, दाल में ही प्रोटीन होती है, चावल स्टेपूल फूड है। मेरे कहने का मतलब यह है कि दावा किसका करना चाहिए सरकार को? हम गरीब को ज्यादा रोटी दे पाए, हम भूखे का पेट भर पाए, इसे सुनकर तो गरीब खुश होगा लेकिन अगर आप कहेंगे कि हमने खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ा दिया है पर वह गरीब को नहीं मिलेगा तो वह तो और जल-भुनेगा। वह तो कहेगा कि क्या करें तुम्हारे खाद्यान्न उत्पादन को, भरते जाओ अपने बफर स्टॉक में, रखो अपने अपने गोदामों में, सड़ाओ उस गेहूं को गोदाम में भरकर, जब तक मेरे पेट तक नहीं पहुंचेगा तब तक मुझे क्या मतलब कि तुमने ज्यादा पैदा किया है या नहीं किया है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आपने दावा किया है कि आपने चीनी का 5 लाख मीट्रिक टन का बफर स्टॉक कर दिया लेकिन दूसरी तरफ 15 रुपए किलो के हिसाब से आप चीनी बेच रहे हैं। कौन आदमी चीनी खरीद पाएगा? क्या गरीब खरीद पाएगा? यह कारण है कि बफर स्टॉक बढ़ने का कि खाद्यान्न का उत्पान बढ़ाकर भी गरीब की जेब में खरीदने की शक्ति को आप नहीं बढ़ा सके और उसको मिलने वाली चीनी आपने और महंगी कर दी, जब कि डिमांड और सप्लाई का सिद्धान्त यह कहता है कि अगर कोई चीज़ ज्यादा पैदा हो जाए और उसकी मांग कम हो तो उसके दाम घटने चाहिए। होना तो यह चाहिए था कि जब उत्पादन बढ़ा है तो चीनी के दाम घटते। गरीब यह समझता, अपनी झोंपड़ी में बैठकर कहता कि हां, मेरे देश की सरकार ने चीनी का उत्पादन ज्यादा किया है, जो चीनी 4 रुपए किलो मिलती थी, वह 3.50 रुपए किलो मिल रही है। लेकिन अगर बाजार में खरीदने वाले को चीनी 15 रुपए किलो मिलती है तो वह कैसे कहेगा कि खाद्यान्न का उत्पादन आपने ज्यादा किया है क्योंकि उसकी झोंपड़ी तक तो वह पहुंचा नहीं, उसके मुंह का निवाला तो आपने और छीन लिया, उसकी चाय आपने और कड़वी कर दी। इसलिए इस अर्धसत्य को भी स्वीकारिए।

इसी तरह से जोगी जी से मैं कहना चाहूंगी कि एक बहुत बड़ा आंकड़ा, एक चीज़ इसको सबसे ज्यादा उन्होंने खंभ ठोककर कहा कि मैं अपने यहां गया, मैंने कलेक्टर से पूछा कि ग्रामीण विकास में 75 करोड़ का खर्चा दिया गया और वह मुझे समझा नहीं पा रहा था कि इस 80 करोड़ को कहां खर्च करें। पहले 75 करोड़, बाद में 80 करोड़, एक ही वाक्य में दो बात बोले। जोगी जी, मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि पैरा 16 में जिस ग्रामीण विकास रोजगार सृजन का जिक्र है, उपसभाध्यक्ष जी, आप तो वाकिफ हैं उन तमाम चीजों से कि ग्रामीण विकास रोजगार सृजन के लिए, जो पैराग्राफ 16 में लिखा है, यह पैसा बैंकों को देना था और बैंकों को टारगेट दिया गया कि रुरल इंटिग्रेटिड डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत आप 3,000 करोड़ रुपया बांटेंगे। आप जानते हैं कितना बंटा है ग्रामीण विकास रोजगार कार्यक्रम के अंतर्गत? केवल 162 करोड़। 3,000 करोड़ के लक्ष्य

के विरुद्ध 162 करोड़ रुपया टोटल इस गरीबी उन्मूलन योजना में बंटा है। मुझे पता नहीं उस 162 करोड़ में से आपके यहां 80 करोड़ पहुंचा हो, तो पूरे देश में केवल 82 करोड़ ही बचा है।

श्री अजीत जोगी: अध्यक्ष महोदय, मेरा नाम लेकर कहा, इसलिए मैं इसे स्पष्ट कर कर दूं।

श्री सतीश अग्रवाल: नाम गलत लिया है क्या?

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): जोगी जी, आपका नाम लेने से कुछ नहीं है, एक महिला बोल रही है, उनको बोलने दीजिए।

श्री अजीत जोगी: मैं केवल यह निवेदन करना चाहूंगा कि आंकड़े बिकनी की तरह होते हैं, जो महत्वपूर्ण को छिपा लेते हैं और जो गैर महत्वपूर्ण होता है उसको दिखा देते हैं। मैंने जो आंकड़े दिए और सुषमा जी ने जो आंकड़े दिए, दोनों आंकड़े अपनी जगह एकदम सही है।

श्रीमती सुषमा स्वराज: सत्य है।

मैंने जो आंकड़े दिए थे वे ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों के दिए थे। जो आश्वासन योजना है, सुनिश्चित योजना है, एन०आर०ई०पी० है, उनके आंकड़े मैंने दिए। सुषमा जी शायद गांवों के इन विकास कार्यों को बैंक से राशि मिल रही है, उससे कन्फ्यूज़ कर रहा हैं। ये दोनों बिल्कुल अलग-अलग हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं किसी से कन्फ्यूज नहीं कर रही हूं।

श्री अजीत जोगी: ये जो ग्रामीण विकास के कार्यक्रम हैं, ग्रामीण रोजगार सृजन करने के कार्यक्रम हैं, उसके लिए 30,000 करोड़ रुपया दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): जोगी जी, आपकी गाड़ी छूट गई है। आप पहले स्पष्ट कर देते सब कुछ।

SHRI VIREN J. SHAH: There is no need for Mr. Jogi to clarify. Mr. Jogi, you are speaking as a representative of the Government. There is nothing personal against you.

THE VICE-CHAIRMAN: Mr. Shah, she is equally capable.

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभापति जी, जोगी जी ने बिल्कुल सही कहा कि मेरे और उनके दिए हुए आंकड़े सत्य हैं। मैं तो पहले उनके आंकड़ों को सत्य कहकर ही आगे अपना आंकड़ा कह रही हूं। फर्क इतना है कि उन्होंने कागजी आंकड़े दिए, मैंने यथास्थिति के आंकड़े दिए।

श्री अजीत जोगी: दोनों अलग-अलग योजनाओं के हैं। आज किसी और योजना की बात कर रही हैं, मैं किसी और योजना की बात कर रहा हूं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: आपने सरकारी अधिकारियों द्वारा लिखे हुए आंकड़े दिए, मैंने जमीन से जुड़े हुए आदमी के आंकड़े दिए। अंतर केवल इतना है। ये दोनों आंकड़े सत्य हैं और इसलिए मैंने इन सारे पैराग्राफ के आंकड़ों को असत्य नहीं कहा, अर्ध-सत्य कहा है और हर आंकड़ा जो मैंने कहा, वह उन्होंने सिर हिलाकर माना है कि इसके अंदर जो आंकड़े लिखे थे उसको वह बोल रहे थे लेकिन जो यथास्थिति थी, उसके आंकड़े मैंने दिए हैं, जिसको न आप नकार सकते हैं, न सरकार नकार सकती है। जो यथास्थति है, मैंने उसके आंकड़े दिए हैं।

मैं इसमें बता रही थी कि जो बैंक का टारगेट था, वह 3,000 करोड़ था जिसके विरुद्ध केवल 162 करोड़ का आबंटन हुआ है। तो उस 162 करोड़ में कितना ग्रामीण विकास हो गया होगा, इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं। उसके बाद उन्होंने इंदिरा आवास योजना पर बड़ा जोर दिया और कहा कि 1,000 करोड़ रुपए के बजट से हम 10 लाख मकान बनाकर दे रहे हैं। पहले तो आप 1,000 करोड़ को यदि 10 लाख से तकसीम करें तो आपको पता चलेगा कि एक मकान 10,000 रुपए में बन रहा है और आज जो रुपए की हालत है, उसमें 10,000 रुपए में एक बाथरुम नहीं बन सकता, 10,000 रुपए में मकान तो कोई क्या बनाएगा। यह तो पहली बात है लेकिन दूसरी बात में यह बता दूं कि इंदिरा आवास योजना के तहत मकान कितने बने, यह एक आंकड़ा है और इंदिरा आवास योजना के तहत बने हुए मकानों में कितने हरिजन जाकर बसे, यह दूसरा आंकड़ा है। जरा एक बार इसका सर्वेक्षण करा दीजिए।

महोदय, मेरे एक हरिजन साथी ने खड़े होकर कहा कि बहनजी, ये इंदिरा आवास योजना नहीं, ये हरिजन वनवास योजना है। इंदिरा आवास योजना के लिए जमीन गांव से बिल्कुल बाहर जोहड़ों के अंदर, तालाबों के अंदर इकट्ठी की जाती है, वहां मकान बनाए जाते हैं। एक तरफ हम लोग बात करते हैं सामाजिक समरसता की, हम बात करते हैं कि छुआछूत मिटाकर सबको साथ लाने की और दूसरी तरफ जो हरिजन गांव में बसे हुए हैं

उनके लिए इंदिरा आवास योजना के तहत बिल्कुल गांव के बाहर जोहड़ में जमीन ले करके वहां ये मकान बनाए जा रहे हैं। मैं केवल एक चीज़ चाहूंगी कि सरकार जवाब देते समय यह आंकड़ा दे कि क्या सरकार ने इस बात का सर्वेक्षण कराया है कि इंदिरा आवास योजना के तहत बनाए गए मकानों में कितने हरिजन जा करके बसे हैं, कितने हरिजनों ने उसका कब्जा दिया है और वाकयी वहां रह रहे हैं। इसका एक आंकड़ा आएगा तो वह यथास्थिति का आंकड़ा होगा। यह आंकड़ा एक कागज़ी आंकड़ा है, यह मैं कहना चाहती हूं।

इसी तरह से पैराग्राफ बीस के अंदर आपने कहा है कि शहरी गरीबी उन्मूलन योजना हमने शुरु की और गरीबी की समस्याओं से निपटने के लिए हमने 345 शहरों में 1995 में एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन योजना शुरु की और आंकड़ा दे रहे थे जोगी जी कि पहले 50 परसेंट लोग गरीबी की रेखा से नीचे थे, आज 25 परसेंट गरीबी की रेखा के नीचे हैं। इनके जो वित्त मंत्री हैं वे तो 25 परसेंट भी नहीं मानते वे तो कहते हैं कि 19 परसेंट लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं, यह उनका अपना बयान है। लेकिन मैं बताना चाहूंगी आपके माध्यम से इस सदन को कि श्री तेंदुलकर, गरीबी नापने का फार्मूला जिन्होंने तैयार किया है, उन तेंदुलकर की रिपोर्ट आई है कि हिंदुस्तान में 35 से 39 परसेंट तक लोग गरीबी की रेखा के नीचे रह रहे हैं। आप उसे 25 परसेंट कह रहे हैं और आप के वित्त मंत्री उसे 19 परसेंट कर रहे हैं और अगर मैं आपको गरीबी की रेखा के नापने का फार्मूला बताऊं तो आप चौंक जाएंगे, किस आदमी को गरीबी की रेखा से नीचे रखा गया है, माना गया है। हर वह व्यक्ति जिसे केवल 2400 कैलोरी भोजन मिलता है और कुछ नहीं। उस के सिर पर छत है या नहीं, उसे पहनने को कपड़ा मिलता है या नहीं, उसे खाना मिलता है या नहीं, केवल 2400 कैलोरी अनाज यानि एक किलो गेहूं अगर आप उसके पास फैंक दीजिए तो वह गरीबी की रेखा से ऊपर आ जाएगा। यह है नापने का आंकड़ा। 228 रुपए प्रति व्यक्ति। केवल यह आंकड़ा है यानि अगर 228 रुपए प्रति व्यक्ति की आय है महीने की तो वह व्यक्ति गरीबी की रेखा से ऊपर माना जाएगा और इस आधार पर इस कसौटी पर तोल कर 35 परसेंट से 39 परसेंट तक हिंदुस्तान के लोग गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे हैं, यह आंकड़ा है। यह तेंदुलकर का आंकड़ा है, कोई मेरा गढ़ा हुआ या मेरी पार्टी का गढ़ा हुआ आंकड़ा नहीं है तो 25 परसेंट या 19 परसेंट कह करके बहलाएं नहीं। इस छोटे से आधार पर कसौटी पर जांचा हुआ आधार हिंदुस्तान की गरीबी का यह है। तो इसलिए मेरा कहने का अर्थ यह है उपसभाध्यक्ष जी कि यह सरकार तो हर मोर्चे पर विफल रही है चाहे वह राजनीतिक मोर्चा है चाहे वह आर्थिक मोर्चा है। विदेश नीति का बहुत बड़ा उल्लेख किया गया है यहां। मैं तो यह मानती हूं कि हिंदुस्तान की विदेश नीति केवल प्रधान मंत्री की विदेश यात्राओं तक सीमित हो कर रह गई है। अगर आप पूरा आंकड़ा लगाएं सारे पुराने प्राइम मिनिस्टर्स की विदेश यात्राओं का और अकेले नरसिंह राव जी की विदेश यात्राओं का तो यह प्रधान मंत्री सब से भ्रष्ट प्रधान मंत्री ही नहीं, सब से घुमक्कड़ प्रधान मंत्री की संज्ञा में आएंगे और शायद गिन्नीज़ बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स में यह बात जाएगी। यह विदेश नीति का सवाल है और विदेश नीति के ऊपर मैं यह कहना चाहती हूं कि न हिंदुस्तान की श्रीलंका के प्रति कोई सोची-समझी नीति है, न बंगलादेश के प्रति कोई सोची-समझी नीति है, न साउथ-ईस्ट एशिया के प्रति कोई सोची-समझी नीति है और अगर मैं यह कहना चाहूं कि वेस्ट और ईस्ट, पश्चिम और पूरब के किसी एक देश पर आज हम यह भरोसा नहीं कर सकते कि आड़े समय में वह हमारी मदद करेगा और ये लोग विदेश नीति का दंभ भरते हैं। मैं कहना चाहती हूं, गृह मंत्री आज बैठे हैं यहां, ब्राउन अमेंडमेंट पास हुआ अमरीका में । अमेंडमेंट पास हो जाता कोई बात नहीं थी लेकिन आपने देखा, उस समय भारत के प्रधान मंत्री मौजूद थे वहां और किसी ने उनकी मौजूदगी का लिहाज नहीं किया। किसी ने प्रधान मंत्री की उपस्थिति का नोटिस नहीं किया। यह एक चिढ़ाने वाली बात है, यह एक शर्म की बात है कि उस देश का प्रधान मंत्री वहां मौजूद हो और उस दिन उस देश की संसद ब्राउन अमेंडमेंट पास करे। यह हम लोगों की विदेश नीति का सवाल है, इसलिए मैं यह कहना चाहती हूं कि यह सरकार हर मोर्चे पर, केवल राजनीतिक तथा आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं बल्कि विदेशी मोर्चे पर विफल रही है लेकिन अब मैं चाहूंगी कुछ उन चीजों का भी तो उल्लेख हो जाए जो अभिभाषण में नहीं है। जिन के बारे में मैं प्रधान मंत्री से कह रही हूं कि हमारी आंखें उत्सुकता से देख रही थीं कि ज़रा उनका भी तो कोई ज़िक्र हो। इस वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य को भी तो राष्ट्रपति छुएं लेकिन उस का कोई ज़िक्र इस में नहीं है।

उपसभाध्यक्ष जी, मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि जो सरकार लोकतंत्र के सबसे खूबसूरत

सिद्धांत सर्वानुमति के सिद्धांत की दुहाई देकर आई थी, वह सरकार जनतंत्र की हत्या करके अपना कार्यकाल समाप्त कर रही है। आपको याद होगा जिस समय नरसिंह राव प्रधान मंत्री बने थे, उन्होंने कहा था, मैं कॉन्सेन्सस से राज चलाऊंगा। हमको लगा कि लोकतंत्र में इससे बड़ी बात नहीं हो सकती। अल्पमती सरकार है, कॉन्सेन्सस से राज चलाएंगे तो शायद इससे अच्छा राज नहीं हो सकता और मेरे दल के अध्यक्ष ने तो उस समय कहा था कि कॉन्सेन्सस से राज चलाने की बात करने वाला प्रधान मंत्री सबसे डेमोक्रेट प्रधान मंत्री साबित होगा। लेकिन मैं बताना चाहती हूं प्रधान मंत्री को कि कॉन्सेन्सस की दुहाई देने वाले लोग दूसरे दलों को तोड़ा नहीं करते हैं, कॉन्सेन्सस की दुहाई देने वाले लोग सांसदों को पैसे देकर खरीदा नहीं करते। आज मैं पूछना चाहती हूं कि राष्ट्रपति अभिभाषण में इस बात का ज़िक्र क्यों नहीं है कि 1991 में जो सरकार अल्पमती हो कर आई थी, वह आज बहुमती कैसे हो गई? पैसा, लोभ, लालच, आतंक, हर तरह का तरीका इस्तेमाल करके उन्होंने अपनी सरकार को बहुमती बनाया है। हर दल को तोड़ा है, जितने दल यहां पर बैठे हैं, कोई दल ऐसा नहीं है जिसको एक बार नहीं कई-कई बार उन लोगों ने तोड़ा है और उन दलों को तोड़ करके उन्होंने अपना बहुमत बनाया है और परसों तो पूरा देश एक बार सकते में आ गया जब एक सांसद ने इस बात का खुलासा किया कि प्रधान मंत्री ने 40 लाख रुपया उसको वोट देने के लिए, अविश्वास प्रस्ताव पर वोट देने के लिए दिया है। सांसद ने पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में माना, लिखित बयान देकर कहा कि मुझे प्रधान मंत्री ने.....**(व्यवधान)**.....

श्री अजीत जोगी: और उसको आपने ऐडमिट कर लिया?....**(व्यवधान)**.....

श्रीमती सुषमा स्वराज: जी हां, उस समय पता नही था। ऐडमिट पहले किया।....**(व्यवधान)**.....ऐडमिट पहले किया।....**(व्यवधान)**.....

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): जोगी जी, उन्हें बोलने दीजिए। जब आपका मौका था तब आपने यह बात नहीं कही। ....**(व्यवधान)**.....

श्रीमती सुषमा स्वराज: उप-सभाध्यक्ष जी, ...**(व्यवधान)**..... उस समय पता नहीं था, उस समय नहीं जानते थे। ....**(व्यवधान)**.....

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री अजीत जोगी: अब तो आपको पता चल गया, अब क्यों पार्टी में उसको रखा हुआ है? ....**(व्यवधान)**.....

श्रीमती सुषमा स्वराज: इसलिए मैं आपसे कहना चाहती हूं और*

वह प्रधान मंत्री भ्रष्टाचार के क्रुसेडर की संज्ञा लेना चाहता है, विशेषण की संज्ञा लेना चाहता है, जगह-जगह पर यह निकलवाया जा रहा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक जेहाद शुरू कर दिया है। उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि गोल्ड स्टार के आरोपी, सेन्ट किट्स के आरोपी, हर्षद मेहता के एक करोड़ के आरोपी और एस० के० जैन हवाला केस के प्रमुख ....**(व्यवधान)**.....

श्री जगेश देसाई: इनका काम यह है लांछन लगाईये ....**(व्यवधान)**.....

श्रीमती सुषमा स्वराज: जैन हवाला केस के आरोपी भ्रष्टाचार के क्रुसेडर बनेंगे इस देश में। ....**(व्यवधान)**.....

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SYED SIBTEY RAZI): Mr. Vice-Chairman, I think this is not fair. These are only allegations...*(Interruptions)*... The floor is being taken to politicise the issue. ...*(Interruptions)*... It is not at all fair to dragor the Prime Minister's name. ...*(Interruptions)*... These allegations should not go on record. This is not fair. These are baseless allegations ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सुषमा स्वराज: आप डरते कैसे हो? ....**(व्यवधान)**.....

श्री अजीत जोगी: ....**(व्यवधान)**.....केस चल रहा है। ....**(व्यवधान)**.....

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभाध्यक्ष जी, ...**(व्यवधान)**... मैंने जान बूझकर बहुत उपयुक्त शब्द का इस्तेमाल किया है "आरोपी"। मैंने अभियुक्त नहीं कहा, मैंने आरोपी कहा और यह आरोप उन पर लगे हैं। पता नहीं किसने लगाये? ....**(व्यवधान)**..... कमाल है आपको पता नहीं किसने लगाये? ....**(व्यवधान)**.....

श्री अजीत जोगी: यह आरोप तो आडवाणी जी पर भी लगे हैं। ....**(व्यवधान)**.....

उप-सभाध्यक्ष: मैं रिकॉर्ड देखूंगा।

....**(व्यवधान)**..... जब आपके मंत्री जी कह रहे हैं, डान्ट इन्टर्ट ....**(व्यवधान)**..... सुषमा जी ऐसा नहीं कह सकती। ....**(व्यवधान)**..... अगर सब एक साथ बोलेंगे, तो मैं कैसे सुनूंगा I will go through the record.

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैंने तो आरोपी शब्द का इस्तेमाल किया है जिसका कोई ....**(व्यवधान)**..... उप सभाध्यक्ष जी, यह तो विडम्बना है इस देश की कि आडवाणी जी का नाम लिया जा रहा है। यह विडम्बना है इस देश की कि सबसे भ्रष्ट राजनेता ने इस देश के सबसे ईमानदार राजनेता को कटघरे मे खड़ा किया है। यह विडम्बना है कि भ्रष्टाचार की लड़ाई शुरू की है ....**(व्यवधान)** यह विडम्बना इस देश की ...**(व्यवधान)**

उप-सभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): सदन को विडम्बना मत बनाईये।

श्रीमती सुषमा स्वराज: उप सभाध्यक्ष जी, वरना मैं पूछना चाहती हूं ...**(व्यवधान)**

उप सभाध्क्षय (श्री मोहम्मद सलीम): आप बड़ा अच्छा भाषण कर रही हैं। **(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं पूछना चाहती हूं कि एक डायरी की एन्ट्री कई राजनेताओं के खिलाफ चार्जशीट फाइल करने के लिए काफी है और उसी अभियुक्त का पूरा दो पृष्ठ का ब्यान है, जिसमें भेंट का समय, भेंट की तारीख, भेंट में क्या बात हुई, वह सारी लिखी हुई तफतीश के लिए भी पूरी नहीं है?

उपसभाध्यक्ष जी, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का हवाला देकर ही कहना चाहूंगी कि ....**(व्यवधान)**.....

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आरोप-प्रत्यारोप करते रहेंगे तो बहुत लम्बी बात हो जाएगी।

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभाध्क्ष जी, आपने तो राष्ट्रपति अभिभाषण से भी उड़वाया, खुद भी चालू नहीं किया क्योंकि गिरेबान में झांको तो अपराध दिखता है। इसलिए इवेड करना चाहते हो, एस्केपिस्ट होना चाहते हो। हम तथ्यों का सामना करना चाहते हैं, सामने बोलना चाहते हैं....**(व्यवधान)**..... बोलिये...उपसभाध्यक्ष जी ....**(व्यवधान)**.....

THE VICE-CHAIRMAN (MD. SALIM): You have your own speaker इसके बाद तो फिर आपका भाषण होगा।

श्रीमती सुषमा स्वराज: आपने कहा कि मैं राष्ट्रपति अभिभाषण पर बोलूं क्योंकि अभी तो इस पर बहुत लोगों ने बोलना है, वे दे देंगे जवाब अगर मेरी बातें गलत हैं तो। मैंने तो कोई बात गलत कही ही नहीं, सबने नोट किया है कि हां मैं बात सही कह रही हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): जहां तक आंकड़े की बात थी, हम सुन रहे थे ....**(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज: आपने कहा कि मैं अभिभाषण का जिक्र करूं, मैं अभिभाषण की ही बात करती हूं। अभिभाषण तो प्रारम्भ ही इससे हुआ। अभिभाषण का पहला पैरा तो एक लाईन का है कि मैं स्वागत करता हूं। दूसरे पैरे में तथ्य है कि लोक सभा ने अपने कामों को पूरा कर लिया मगर अभिभाषण शुरू इससे होता है कि राष्ट्र ने महात्मा गांधी की 125 वीं जयंती मनाई। मैं तो वही बात कर रही थी कि आप महात्मा गांधी की जयंती मनाते हैं, महात्मा गांधी के सिद्धांतो की हत्या करते हैं। अरे, वो महात्मा गांधी जिसने इस देश में सच्चाई और ईमानदारी का बीज बोया था, जिसने कहा था कि हिन्दुस्तान की राजनीति सादगी और ईमानदारी पर चलनी चाहिए, जिसने भ्रष्टाचार के खिलाफ जिहाद किया था, वो सरकार 125 वीं जयंती मना रही है।....**(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): सिद्धान्तों की बात हो रही है... रवि जी ....**(व्यवधान)**

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं तो इन्हीं के भाषणों की बात कह रही थी ....**(व्यवधान)**

SHRI VIREN J. SHAH: Mr. Vice-Chairman, are you permitting such a statement? *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): I do not want to disturb you but your party has been allowed one hour and six minutes.

आप 50 मिनट बोल लिए हैं ....(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज: मैं 50 मिनट बोल ली? सर, अपने साथी के लिए भी कुछ छोड़ना है। मैं पांच मिनट में इसको कन्कलूड करूंगी क्योंकि मैं अपने सैकेन्ड स्पीकर के लिए थोड़ा सा छोड़ दूंगी अच्छा हुआ आपने मुझे आगाह कर दिया। मैं यह कह रही थी कि महात्मा गांधी के इस पुरस्कार को लेने के लिए यहां जूलियस न्येरेरे आये। मैं जो आर्थिक मोर्चों की बात कर रही थी, मैं जरा यह भी बता दूं कि इन्हीं जूलियस न्येरेरे की चेयरमैन-शिप ने, आपके डॉ० मनमोहन सिंह ने एक रिपोर्ट रखी थी और जिस रिपोर्ट में उन्होंने एम० एन० सी० के खिलाफ, फॉरेन इन्वेस्टमेंट के खिलाफ पूरी की पूरी बातें लिखी थी तो मैं पूछना चाहती हूं कि मनमोहन सिंह तो "हिज मास्टर्स वाईस" है। जो उनका राजनीतिक बोस होगा, जिनके नीचे वे काम करेंगे उसकी भाषा बोलेंगे। ये वही मनमोहन सिंह हैं जो किसी समय सैन्टल प्लानिंग के बहुत बड़े चैम्पियन माने जाते थे। उसके बाद ये सोशलिस्ट प्लानिंग के ठेकेदार हो गये और आज ये वर्ल्ड बैंक इकोनिमी की बात करते हैं क्योंकि डालर के अगेन्सट रुपया गिरे इनको सबसे बड़ा फायदा है, पूरा का पूरा देश भाड़ में जाए, लेकिन जिनको डालर में पैन्शन मिलती है उनको सीधे-सीधे लाभ हो रहा है। मैं यह कह रही थी कि जूलियस न्येरेरे यहां शांति पुरस्कार लेने के लिए आये तो कम से कम हम उनके आर्थिक स्वावलम्बन की तो बात कर सकते हैं। उनके समय तो हम एन्टी एम० एन० सी० की बात कर सकते हैं। उस समय इस देश की आर्थिक सार्वभौमिकता की बात कर सकते हैं, इस देश की इकोनामिक सोवरेनिटी की बात कर सकते हैं। राष्ट्रपति का अभिभाषण इससे शुरू हो रहा है और हम लोग इस देश के अन्दर जिन आर्थिक नीतियों की बात कर रहे हैं वे उनके बिल्कुल उलट जाती है। जबकि इन्हीं वित्त मंत्री ने इनकी चेयरमैनशिप में यह रिपोर्ट रखी थी। यह बात भी मैं आपके सामने कहना चाहती थी लेकिन इसी पैराग्राफ के साथ मैं अपनी बात कनकलूड करना चाहूंगी उपसभाध्यक्ष जी, महात्मा गांधी जी की 125 वीं जयंती मनाई, गांधी के सिद्धांतों की हत्या कर दी, मगर एक मायने में नरसिंह रावजी सच्चे निकले। गांधी जी ने यह कहा था, स्वतंत्रता के तुरंत बाद कि कांग्रेस की उपयोगिता समाप्त हो गई है, इसको वाइन्डुअप कर देना चाहिए। इतने वर्षों तक किसी ने उनकी बात सुनी नहीं। पहली बार उपसभाध्यक्ष जी एक सच्चे गांधी वादी कांग्रेस अध्यक्ष आये हैं who is presiding over the liquidation of the Congress. जो कांग्रेस अध्यक्ष के नाते कांग्रेस की समाप्ति के सत्र की अध्यक्षता कर रहे हैं। इसलिए मुझे....

SHRI V. NARAYANASAMY: The BJP has been liquidated. You don't worry. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Mr. Narayanasamy, I will not allow.

SHRI V. NARAYANASAMY Sir, how can she speak like this? She cannot accuse the President of a Party like this.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): I will not allow. You were there all the time. Suddenly you get up. *(Interruptions)* please sit down. *(Interruptions)*

SHRI V. NARAYANASAMY: I was hearing whatever she was saying. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Please sit down, Mr. Narayanasamy. Whatever Mr. Narayanasamy says will not go on record. This is not the way.

SHRI V. NARAYANASAMY: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): The debate has been going on for long. You cannot interrupt like this. *(Interruptions)*

श्रीमती सुषमा स्वराज: उपसभाध्यक्ष जी, तो मेरी आपसे गुजारिश है कि यह जितना समय बीता है यह वक्त मेरे साथी के समय से न काटा जाए। मैं तो समाप्त कर रही थी अपने तरीके से। क्योंकि मैंने अपने पूरे के पूरे भाषण में कांग्रेस के प्रधानमंत्री का विरोध किया है और मेरे से पहले बोलने वालों ने उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की है तो आखिर में मुझे भी उनसे कोई प्रेरणा मिलनी थी। इसलिए मैंने सोचा कि सारी बातें उनके विरोध में कहने के बाद मैं प्रधानमंत्री के समर्थन में कुछ कहूं, प्रधानमंत्री जी को दो शाबासी के शब्द भी दूं। इसलिए मैं कह रही हूं कि एक सच्चे गांधीवादी के रूप में नरसिंह राव जी कांग्रेस के सफल अध्यक्ष साबित होंगे और वे कांग्रेस की समाप्ति के सत्र की अध्यक्षता करके जायेंगे और आगे आने वाली सरकार सही मायनों

*Not recorded.

मैं एक स्वच्छ और ईमानदार सरकार होगी। इन शब्दों के साथ यहां पर महामिहम राष्ट्रपति के प्रति धन्यवाद का जो प्रस्ताव जगेश देसाई जी ने प्रस्तुत किया है, उसका मैं समर्थन करती हूं।

श्री दिग्विजय सिंह: (बिहार) मैं एक व्यवस्था का सवाल उठाना चाहता हूं।

यहां पर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर ट्रेजरी बेंच के सदस्य की ओर से जो धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है इस पर चर्चा हो रही है। लेकिन हम देख रहे हैं कि यहां पर एक भी कबीना मंत्री उपस्थित नहीं है, यहां बैठे हुए नहीं है। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद के प्रस्ताव का औचित्य क्या है? इस सदन में यह तय हो चुका है कि कोई न कोई कबीना मंत्री यहां उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन कोई कैबिनेट रैंक का मिनिस्टर नहीं बैठा हुआ है। यह सदन में तय हो चुका है कि जब भी कोई बहस होगी तो कैबिनेट मिनिस्टर हाजिर होगा। इस पर चेयर की तरफ से व्यवस्था हो चुकी है।

उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम): आपने जो कहा यह सही है कि कैबिनेट मिनिस्टर मौजूद रहना चाहिए। यहां अभी चौव्हाण जी बैठे थे जब मोशन लिया गया था और बहस चल रही है। चौव्हाण साहब यहां बोलकर गए हैं कि उन्होंने मीटिंग में जाना है। क्योंकि 5 बजे बजट रखा जाएगा इसलिए उनको जाना था और वे परमीशन लेकर गए हैं।

Shri Inder Kumar Gujral.

SHRI INDER KUMAR GUJRAL: I will speak tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri Balanandan.

SHRI E. BALANANDAN: Sir the President's Address does not reflect the actual situtation prevailing in the country. The actual situtation is very bad. The Government and the Congress (I) Party are not in the sick bed. They are very seriously ill. I do not think any kind of medicine can save the Congress (I) Party and the Government. The sickness is very serious; it is almost cancerous. Therefore, the Congress (I) Party and the Government cannot be saved from this disease. This fact is not mentioned by the President. The President has tried to present a rosy picture before the nation, which is contrary to facts.

[The Vice-Chairman (Shri V. Narayanasamy) *in the Chair.]*

We see that some from the Council of Ministers of the Government are charged with corruption and they are facing prosecution. And the Prime Minister himself is under the shadow of allegations of corruption, which are being inquired into by the Government investigating agencies. That his friends had to quit on this corruption issue clearly shows that the Government itself is engaged in corruption. And, finally, we know the latest revelations that pliable Members of Parliament had been allegedly bought for money, that 40 to 50 lakhs of rupees and so on were given to five Members of Parliament and that the money has been deposited into banks. Photos of the bank receipts appeared in the press. They are not people who were having money of this magnitude. The only reason is, when the Government faced a crisis when a No-Confidence Motion came up before the Lok Sabha, the Government sought to buy up certain MPs to increase its strength. If it had any kind of respect for decency, the Government would have resigned immediately after this kind of an allegation had appeared in the press. If the Prime Minister had even an iota of decency and respect for the Constitution and constitutional rule in the country, he ought to have resigned on the very day when these allegations had appeared.

Why do I say this? The Indian Constitution is based on fundamental rights and so on—and so many rights are there—and Parliament is functioning on the basis of political parties. All the political parties come out with their own manifestoes—that they will do this and that and will rule the country this way or that. But now a situation has arisen when

money power can buy Ministers, money power can buy Members of Parliament, so that whatever policies moneyed men want to be implemented in the country by their not coming to Parliament can be implemented. They can buy up Ministers in the country, and that creates a very serious situation.

The hawala scandal is haunting the country today, but I find no reference to it in the President's Address. There is only one point I want to mention about it. We all know who are the recipients of the hawala money, but we do not know the source from which this money came. Some references, of course, are there. The foreign multinationals were trying to pump money into India so that India's policies can be changed in their favour—I do not want to deal with the subject today, because my time is very little. I would only say, the foreign multinationals utilized the policy of liberalization to pump money into India to buy up Ministers and administrative personnel in high positions who are dealing with industries and projects. That is the reason why this money has come. This means, a thorough probe has to be made and action has to be taken.

One point which was being stated is that when Babloo Srivastava was interrogated by the police, he came out with a startling disclosure that Chandraswamy, one of the godmen, had connections with Dawood Ibrahim and tonnes of money had been pumped through Chandraswamy, and it is alleged that the money has gone to the highest people in the country who are holding the reins of the country, including the Prime Minister. These allegations are there. Therefore, as I told you now, the Indian political system under the Congress (I) raj is facing a serious crisis. You are seriously ill, and you are in a sick bed. No treatment will be effective because the crisis is very serious.

Then, coming to the claims made in the President's Address, I want to refer to two or three points now.

The first point is this. The law-and-order situation has been referred to by my hon. colleague who spoke before me. I don't want to go into the details of that.

The President says that the Purulia arms-drop is a serious security lapse. What has happened in this case? A foreign aircraft took off from Karachi, flew to Varanasi, took off from Calcutta, flew to Thailand and flew back again to Madras on way to Purulia. After dropping the arms, it went back to Bombay where it was brought down and intercepted. Kim Devi, the prime accused was allowed to escape. What is the position of our security. This aircraft was flying this way and that way. We could not find anything. Now some claims have been made. Some information was there, **but that information was not given to the West Bengal Government. It was posted,** and they got it after the incident. How can you handle the security of the country this way?

Also, you know that a huge quantity of ammunition was found with Christoph Zellweger, a Swiss national, and an Iranian, Mohammad Phadar, settled in Pakistan, on February, 17. This again highlights how poor India's security net is. He was travelling in India for 53 days in a bus with the arms. Nobody found him. One day he came to Delhi, and in some way he was caught. This is the situation of our security. This shows that the security of the nation is not safe in the hands of the Government of India.

The President has talked about many things. With respect, what is the real situation in Kashmir?

The President's Address mentions that our relation, especially in economic and other matters, with the United States is improving. What is the real position? After the United States passed the

Brown's Amendment, a lot of sophisticated arms are being supplied to Pakistan. Pakistan is taking an aggressive stand. They do not want to keep off from Kashmir. They do not want to stop interfering in India's internal affairs. This is being supported by the United States. Therefore, the United States is taking an inimical attitude towards India by supplying huge quantities of sophisticated arms to Pakistan. We must note another thing. The President's Address mentions about the achievements of our scientific personnel in many areas. We have had laudable achievements in some areas. The United States Administration was trying to stall all those things. For example, for development of our communication system, we needed the cryogenic engine for launching a rocket which we wanted to do from Trivandrum. The engine was agreed to be supplied by Russia, the then Soviet Union. It was agreed to be supplied by Russia, but the United States intervened to see that the cryogenic engine was not supplied. In the case of LCA also, there was an understanding with the United States that it would cooperate with India in its production. It did not do that. Therefore, the Government of the United States has been taking an attitude of not strengthening our defence system. But, the Government of India did not say a word about it. Not only that, they have now agreed to have joint naval exercises in Cochin in March. What does it show? This shows that this Government is not capable of saying what the United States is doing against us. Our President did not mention about that. He only said that our relations with the United States are improving. The Government wants to cover up the American intentions against our country.

Now, I would like to refer to the situation in the North-East. Tripura is a small State, which is surrounded by Bangladesh from three sides and 50 per cent of the State land is covered by forests. Armed insurgency against the Tripura Government is being encouraged by the armed gangs from Bangladesh through these forests. When the Congress Government was ruling the State, 63 companies of the Army personnel were supplied. Now, this strength has been reduced to 43 companies. Why has this reduction been effected? This insurgency has increased because there is no resistance from the armed personnel to stop their insurgency activities. Within the last six months, between 50 and 60 people have been abducted and killed. Police and security personnel are being attacked. I myself went to the Prime Minister and represented this matter. Tripura is part of India. Here, an Indian State is being allowed to be attacked by insurgents supported by Bangladeshi armed gangs. This shows the Government of India is not serious to protect the country's integrity. Tripura is the only State wherein tribals and other sections of the people are maintaining its unity. This aspect I told the Prime Minister. He promised to do something, but he has not done anything. This is about the insurgency in a State in the North-East where the Government of India is not taking any step to stop it.

Now, I come to the economic situation. Many claims have been made. One claim is that a sizeable amount of poverty has been brought down. I do not want to argue much on that, but with your permission I would like to quote certain figures from a book published by our party regarding the economic situation prevailing in the country as such. It is found that in 1991, the total incidence of poverty in the country, including rural and urban, was 35.6, but in 1994-95 this total incidence of poverty rose to 39.6. What is being claimed in the President's Address is not correct. It is factually wrong. Poverty is on the increase. ..*(Interruptions)*...

SHRI VAYALAR RAVI: It is 26 per cent.

SHRI E. BALANANDAN: The Government says that poverty is on the decrease. It is all wrong.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WATER RESOURCES (SHRI P.V. RANGAYYA NAIDU): You figures are wrong.

SHRI E. BALANANDAN: The Government also claims that real wages of workers have improved. But the statistics which we have studied show that actual wages of skilled labourers have gone down. In 1986-87 and in 1990-91 the change in nominal wages was 9.4 per cent; and the change in real wages was 1.3 per cent. In 1992-93, this has gone down. The nominal wage increase was 12.1 per cent. The real wage has gone down to minus 1.6 per cent. This is the situation. The real wages of workers are coming down but the monetary wages are going up. In real terms the wages of workers are coming down. So, the claim of improving the conditions of workers is also found to be wrong.

I would like to mention one point with regard to the conditions of labourers. Generally the Government claims that the Government is doing many things for the working class. But I have no time to explain it. However, I would bring before the House the condition of beedi workers. There are 80 lakh beedi workers in the country. The Government of India has taken certain steps to see that the beedi industry is ruined. Today, in India out of 100 smokers, 15 smoke cigarettes and 85 smoke beedis. The multinational cigarette companies pressurise the Government to permit them to manufacture mini cigarettes. They also pressurise the Government for a reduction in the excise duty on cigarettes from Rs. 120 to Rs. 60. A further attempt is on to reduce it to Rs. 40. I led a delegation of beedi workers to the Finance Minister and told him that if this is done 80 lakh beedi workers would become unemployed. The Finance Minister told me that he would be looking into the matter. I think he is still looking into the matter. A large section of women are employed in the beedi industry throughout India. Now, they are going to suffer because manufacture of beedis is going to be taken over by multinational companies and big companies. This is what is happening in that area.

The Government also claims that the national income is increasing and the country is making progress. Is the country really making a progress? The total national income which has been improved has been taken away by big Indian companies and by multinational companies. Their profits have shown an increase. The profits of 20 big companies of the country and multinational companies have shown an increase in a big way. They have cornered upto 600 per cent profit while the people living below the poverty line are on the increase. Therefore, the claims being made by the Government about the improvement in the lives of the people are false.

Then, Sir, I will come to the foreign exchange position which is showing a distrubing trend. On May 4, 1995, the "Times of India" published the report of the Comptroller and Auditor-General. That report states that the total external and internal debt of the Government in 1995-96 is estimated to be Rs.600,559.08 crores or 83.93 per cent of the GDP. The interest on this is estimated to be Rs.52,000 crores. The net borrowing and other liabilities of the Government for 1995-96 are estimated to be Rs.52,634 crores. This is reported in the "Economic and Political Weekly". And, the quantum of debt itself is over four-fifths of our GDP. That is, if the debt were to be repayed, the 90-crore Indian people would be left with only one-fifth of what the country produces. Three-fourths of

the GDP is to be spent to clear the debts, if at all we want to clear them. Therefore, we are really in their trap. To keep the servicing of the loans, payment of instalments on capital and interest, we have to go for further taking of loans. Therefore, the country's economic position is very serious.

Also, the Government has been claiming that we are having a lot of foreign exchange reserves, etc. If you go to the trade balance of the four years that have gone by, the import was on the increase and though the export was increasing, the import was more always. Therefore, the foreign exchange liability per annum was on the increase all these years. The country cannot afford this. Now, in the new situation wherein the rupee value is going further and further down and the dollar value is on the increase, if the export is always less than the import, the total liability of the country is automatically on the increase. The goods which we produce are to be sold to foreign countries. We have to give more goods. At the same time, we will be paying more rupees for getting the import which we need. If you take the total economy of the country under the 'liberalised' set-up, though our Finance Minister was claiming it was going to improve, we are really in a Mexico type debt-trap. Our country is going to face such a serious situation.

Before going to the other points, I want to say something about the new steps which are being taken by the Government to ameliorate the conditions of the working class. There is a tall claim being made about the pension scheme. My friends on this side are also supporting the scheme. It is said that 18-19 million workers are going to be benfited. I would like to know this. What is the contribution for the pension scheme from the Government or the employer? Not a single rupee is being contributed by them. My friend Mr. Venkat Swamy makes speeches, lengthy speeches. That is the only contribution. Nothing else. They are not contributing one 'anna' for the pension scheme. Only the workers' money is being converted to pension fund. Under the earlier family pension scheme which we had, there was a surplus of Rs. 9,000 crores. When that scheme was launched, the Government was saying, "If we give this money to you, this will not be sufficient for paying family pension". But now, we find that Rs. 9,000 crores is in surplus! The Government, now, wants to float another scheme to see that the workers' money is taken by the Govenment for its 'ways and means' account, by making surpluses.

That is why the pension amount which is supposed to be given to the pensioners is very meagre. If the Government feel that the pension scheme is very attractive, why can't the Government agree to the workers' choice? Why can't the owners of the money choose their things? An option should be given to the workers to choose pension. That was the main demand raised by us. Therefore, I say that this is another device not to help the working class but to further take away the money which has been earned by the working class and put in their provident fund accounts. That step is also against the interest of the working class. Therefore, the steps which are considered to be ameliorative in nature go against the working class.

Finally, I have to bring to your attention another serious aspect. You see, in the Presidential Address it is said that our scientists have done a wonderful job in various sectors, which is a fact. How can they do it without infrastructural facilities which have been developed under the public sector—the basic engineering industries and the other industries which paved the way for self-reliance and which paved the way for the development of our defence equipment?

What is the policy of the Government? The policy of the Government is to destroy the public sector, especially the basic infrastructure is to be handed over to the private foreign multinationals. What does that mean? For everything we are going to be dependent on foreign multinationals. We are slowly being taken to the old stage of pre-1947 era. After 1947, with all the targets that we had, achieved certain things which are precious for the development of India, that is, the basic industrial development, which has been carried out under the public sector.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mr. Balanandan, will you please conclude now?

SHRI E. BALANANDAN: We can meet the needs of our country. But we have to see that our power sector is not demolished even if the foreign multinationals are brought in. The BHEL which is employing 32,000 workers will be slowly closed down or will be handed over to foreign multinationals. 33 per cent capital invested in the public sector is now held by private companies—Indian and foreign. Within two, three years, they capture majority hold, if the policy is persued. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V NARAYANASAMY): Balanandan Ji, one minute. Since we have to adjourn the House for facilitating the hon. Members going and listening to the speech of the Finance Minister, you please conclude.

SHRI E. BALANANDAN: I need five minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): If you need five minutes, then you can continue tomorrow. In fact, your time is over. You will be given five minutes tomorrow.

SHRI E. BALANANDAN: All right. The public sector industries which paved the way for development of the nation are being sought to be destroyed.

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): You speak for five minutes tomorrow and finish your speech.

SHRI E. BALANANDAN: All right. Then I will speak tomorrow. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): The House is adjourned up to 6 PM today.

The House then adjourned at forty-nine minues past four of the clock.

The House reassembled at six minutes pas six of the clock, **The Deputy Chairman** in the Chair.

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल): मैडम, एक शेर होना चाहिए, वहां दो-दो शेर हुए हैं, सफर छोटा है तो हाथ से रुपया बटोरते रहिए...**(व्यवधान)**

उपसभापतिः ये सब कमेंट नहीं करेंगे। मनमोहन सिंह जी, आप बजट ले करिए, उसके बाद एक शेर सुना दीजिएगा, बजट के शेर के अलावा।

Interim Budget (General), 1996-97

THE FINANCE MINISTER (SHRI MANMOHAN SINGH): Madam, I beg to lay on the Table a statement (in English and Hindi) of the estimated receipts and expenditure of the Government of India for the year 1996-97 (Annual Financial Statement). And as you have commanded, so have my friends in the Opposition, that I should also include a couplet, I am going to oblige them.

"माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं,
मेरा शौक तो देख, मेरा इंतजार तो देख"

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण): ये तो सिक्सर मार दिया आपने।

उपसभापतिः हमारी क्रिकेट टीम भी ऐसा सिक्सर मारे तो ज्यादा अच्छा है।

The convention is that after the Budget is laid, generally we adjourn the House. There are three or four names for Special